4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ



भाईचारा किस तरह, कायम हो सरकार।
पनप सकेगा ना कभी, नेताओं में प्यार।
नेताओं में प्यार, पनप सकता है कैसे।
कुर्सी पर ये भिड़ें, भिड़ें हैं दुश्मन जैसे।
कह साहिल कविराय, चलेगा नहीं गुजारा।
नेताओं में कहां, खोजते भाईचारा।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 38 | THURSDAY 19-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## रस्म पगड़ी व श्रद्धांजलि सभा



बड़े दुःखी हृदय से सूचित करते हैं कि हमारे पूजनीय पिताजी

**श्री सतिंदर कुमार (संतराम जिंदल जी)**

अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके दिनांक 7 फरवरी, 2026, दिन शनिवार को बालाजी महाराज के चरणों में लीन हो गए हैं। उनकी आत्मिक शांति के लिए

**रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा**

19 फरवरी, 2026, दिन वीरवार को दोपहर 1:00 से 3:00 बजे
Casa Le Baron, फिरोजपुर रोड, लुधियाना में होगी।

शोकाकुल

ब्रिज मोहन जिंदल - निर्मला जिंदल (भाई-भाभी)
सतीश जिंदल - परवीन जिंदल (भाई-भाभी)
निशा जिंदल - स्व: अनिल जिंदल (भतीजा-बहू)
महावीर जिंदल - रूचि जिंदल (भतीजा-बहू)
रूपेश जिंदल - शालिनी जिंदल (भतीजा-बहू)
रूबल जिंदल - नेहा जिंदल (भतीजा-बहू)

LOCATION

सुनील जिंदल (सुपत्नी)
बॉबी जिंदल - भावना जिंदल (बेटा-बहू)
विकास रॉय - पूजा रॉय (दामाद-बेटी)
विशाल अग्रवाल - आरती अग्रवाल (दामाद-बेटी)

पौत्र/पौत्री : नाविका जिंदल, यामिनी जिंदल, केशव जिंदल, कृष्णा जिंदल, माधव जिंदल, तनुष जिंदल, विवान जिंदल
दोहता/दोहती : अखिलेश रॉय, आस्था रॉय, साहिबा अग्रवाल, सिया अग्रवाल

**SHREE BALAJI PROCESSORS/BALAJI FABRICS**
M: 93578-50500, 93575-20200

---

## श्रद्धांजलि



हमारे आदरणीय

**श्री सतिंदर कुमार (संतराम जिंदल जी)**

के निधन पर हम गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। उनके निमित्त श्रद्धांजलि सभा 19 फरवरी 2026, वीरवार को दोपहर 1 से 2 बजे तक Casa La Baron, फिरोजपुर रोड, लुधियाना में होगी।

श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता

RAJNEESH - ARCHANA
RAKESH - AARUSHI
OMAV GUPTA

**SHRI BALAJI FINISHING MILLS PVT. LTD.**

Bahadur Ke Road, Dyeing Complex,
Backside Oswal Dyeing, Ludhiana 93575-03191

---

## श्रद्धांजलि



हमारे आदरणीय

**श्री सतिंदर कुमार (संतराम जिंदल जी)**

(श्री बाला जी प्रोसैसरस के मालिक बॉबी जिंदल के आदरणीय पिता जी)
के निधन पर हम गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं व परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता

MAHAVIR TAYAGI | HIMNASHU TAYAGI
**ONKAR INDUSTRY**

---

## श्रद्धांजलि

हमारे आदरणीय

**श्री सतिंदर कुमार (संतराम जिंदल जी)**



(श्री बाला जी प्रोसैसरस के मालिक बॉबी जिंदल के आदरणीय पिता जी)
के निधन पर हम गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं व परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता

NAVEEN JAIN | VISHAL JAIN | SANYAM JAIN
**S V N INDUSTRIES**

---

## श्रद्धांजलि



हमारे आदरणीय

**श्री सतिंदर कुमार (संतराम जिंदल जी)**

(श्री बाला जी प्रोसैसरस के मालिक बॉबी जिंदल के आदरणीय पिता जी)
के निधन पर हम गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं व परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता

SANTOSH KUMAR
ANKUSH KUMAR
AMAN KUMAR
**ANKUSH PROCESSORS**

---

## श्रद्धांजलि



हमारे आदरणीय

**श्री सतिंदर कुमार (संतराम जिंदल जी)**

(श्री बाला जी प्रोसैसरस के मालिक बॉबी जिंदल के आदरणीय पिता जी)
के निधन पर हम गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं व परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता

**BAHADURKE TEXTILE AND KNITWEAR ASSOCIATION**
15 MLD CETP, LUDHIANA

---

## श्रद्धांजलि



हमारे आदरणीय

**श्री सतिंदर कुमार (संतराम जिंदल जी)**

(श्री बाला जी प्रोसैसरस के मालिक बॉबी जिंदल के आदरणीय पिता जी)
के निधन पर हम गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं व परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता

KAMAL DEV CHAUHAN | MUKESH KATARIA
**MAHADEV WASHING**
M: 9815003584, 9779222023

---

## श्रद्धांजलि



हमारे आदरणीय

**श्री सतिंदर कुमार (संतराम जिंदल जी)**

(श्री बाला जी प्रोसैसरस के मालिक बॉबी जिंदल के आदरणीय पिता जी)
के निधन पर हम गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं व परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता

ASHOK MAKKAR | MANOJ MAKKAR | SARABJIT MAKKAR
**JAI GANESH PROCESSOR**
VILLAGE BHAMIA, LUDHIANA. M: 9876320000, 9878354100

---

## श्रद्धांजलि



हमारे आदरणीय


**श्री सतिंदर कुमार (संतराम जिंदल जी)**

(श्री बाला जी प्रोसैसरस के मालिक बॉबी जिंदल के आदरणीय पिता जी)
के निधन पर हम गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं व परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता

JASMEL SINGH
**SEHYOG ENTERPRISES**

# श्रद्धांजलि



पंजाब डार्यस एसोसिएशन के सचिव बॉबी जिंदल के पूज्य पिताजी

## श्री सतिंदर कुमार (संतराम जिंदल जी)

के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्वासुमन अर्पित करते है।
उनके निमित श्रद्धांजलि सभा 19 फरवरी 2026, वीरवार को दोपहर 1 से 3 बजे तक
**Casa La Baron**, अयाली कलां चौंक, फिंरोजपुर रोड, लुधियाना में होगी।


श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता

ASHOK MAKKAR (CHAIRMAN)
BABBU JINDAL (MANAGING DIRECTOR)
KAMAL CHAUHAN (DIRECTOR)
GURPREET SINGH (DIRECTOR)
ANKIT SINGLA (DIRECTOR)
ANKUR KHANNA (DIRECTOR)
MANDEEP SINGH (DIRECTOR)
VIMAL NARANG (DIRECTOR)
ASHWANI PASSI (DIRECTOR)
SANJEEV NAYYAR (DIRECTOR)
ARVIND KALRA (DIRECTOR)

## PUNJAB DYERS ASSOCIATION

50 M.L.D. (C.E.T.P) TAJPUR ROAD, LUDHIANA

# श्रद्धांजलि



पंजाब डार्यस एसोसिएशन के सचिव बॉबी जिंदल के पूज्य पिताजी

## श्री सतिंदर कुमार (संतराम जिंदल जी)

के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्वासुमन अर्पित करते है।
उनके निमित श्रद्धांजलि सभा 19 फरवरी 2026, वीरवार को दोपहर 1 से 3 बजे तक
**Casa La Baron**, अयाली कलां चौंक, फिंरोजपुर रोड, लुधियाना में होगी।

श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता

SURINDER GOEL (C.E.O)
HARVINDER SINGH (JOINT SECRETARY)
PRITHIPAL BHALLA (DIRECTOR)
RAHUL VERMA (DIRECTOR)
VISHAL JAIN (DIRECTOR)
HARVINDER SINGH (DIRECTOR)
MANDEEP SINGH (DIRECTOR)
SUNIL VERMA (DIRECTOR)

## PUNJAB DYERS ASSOCIATION

40 M.L.D, COMMON EFFLUENT TREATMENT PLANT, FOCAL POINT (MODULE)

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 38 | THURSDAY 19-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## लुधियाना ईस्ट तहसील में गलत रजिस्ट्रियों करवा सरकारी खजाने को कई सो करोड़ों का पहुंचाया नुकसान

# कम स्टाम्प ड्यूटी भरकर करवाई 159 रजिस्ट्रियां, सेल परचेज करने वाले 318 लोगों पर FIR, सबसे बड़े कसूरवार सब रजिस्टरार, क्लर्क और डीड राइटर का बचाव करने की कोशिशें



राजदीप सिंह सैनी

**लुधियाना/यूटर्न/18 फरवरी। लुधियाना की ईस्ट तहसील का एक बड़ा घोटाला निकलकर सामने आया। जहां गलत तरीके से दस्तावेज तैयार करके रजिस्ट्रियां करवाकर कम स्टॉम्प ड्यूटी भरकर सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाया गया। इस तरह करके 1-2 करोड़ नहीं बल्कि कई सो करोड़ का सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचा है। इस मामले में जिला प्रशासन द्वारा तो पिछले 10 साल में एक्शन नहीं लिया। लेकिन समाजसेवी सुभाष कैटी की दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए अब पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों पर जिला पुलिस द्वारा कार्रवाई कर दी गई है। अभी तक 159 केसों में कम स्टॉम्प ड्यूटी पाए जाने पर 318 लोगों के खिलाफ पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई थाना मोती नगर की पुलिस द्वारा ईस्ट तहसील के सब रजिस्टरार के बयानों पर की है। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि इस एफआईआर में प्रॉपर्टियां खरीदने व बेचने वाले लोगों पर तो कार्रवाई कर दी गई, मगर हर रजिस्ट्रियां कराने में अहम रोल अदा करने वाले सब रजिस्टरार, रजिस्टरार ऑफिस क्लर्क और डीड राइटर्स का इस मामले में बचाव कर लिया गया। चर्चा है कि अगर सेल परचेज करने वालों ने स्टॉम्प ड्यूटी चोरी की तो उसे चोरी कराने में डीड राइटर से लेकर सब रजिस्टरार का भी उतना ही हाथ है।**

## 1.50 करोड़ की रजिस्ट्री 18 लाख में कराने के आरोप

समाजसेवी सुभाष कैंटी द्वारा 2026 में 318 लोगों पर मामला दर्ज कराने से पहले 2016 में रजिस्ट्रियों में स्टॉम्प ड्यूटी चोरी का मुद्दा उठाया था। तब थाना डिवीजन



नंबर पांच की पुलिस ने कलम बस्सी, उसकी पत्नी रमा रानी बस्सी, बेटी दीपिका अरोड़ा, पल्वी, ऊर्मिला रानी, महिंद्र कौर सहित 11 लोगों पर मामला दर्ज किया था। सुभाष कैंटी ने बताया कि तथा कथित श्रीराम लीला कमेटी के कमल कुमार बस्सी की और से माधोपुरी कूचा नंबर 4 में प्लॉट 249/8 की रजिस्ट्री 18 लाख रुपए में करवाई थी। जबकि असलियत में यह रजिस्ट्री एक करोड़ 40-50 लाख की होनी थी। जिसमें स्टॉम्प ड्यूटी करीब 12 लाख बनती थी, लेकिन कमल बस्सी ने सिर्फ 1.80 लाख जमा करवाए।

**ऐसे चोरी होती है स्टॉम्प ड्यूटी...**चर्चा है कि तहसीलों में डीड राइटर्स की अधिकारियों के साथ सेटिंग होती है। जिसके चलते वह रजिस्ट्रियां लिखते हुए कमर्शियल को रिहायशी, खेतीबाड़ी की जमीन दिखाकर वैल्यू कम कर देते हैं। वहीं एक इलाके की रजिस्ट्री साथ वाले इलाके के कम रेट पर तो कभी ईस्ट तहसील में रजिस्ट्री महंगी होने पर वेस्ट में सस्ते दाम पर करवाई जाती है। ऐसे हेरफेर करके स्टॉम्प ड्यूटी कम करवा दी जाती है।

## 67 महिलों समेत 318 लोगों पर दर्ज एफआईआर

जमालपुर अवाना के जरनैल सिंह, उसके भाई करनैल सिंह, न्यू शिवाजी नगर के अतुल गोयल, न्यू शिवाजी नगर के संजय बादूला, भामियां कलां के अवतार सिंह, चंडीगढ़ रोड के एस.आर. डेवलपर्ज एंड कॉलोनाइजर, महावीर एन्क्लेव के अरविंद कुमार, शर्मनजी वाटिका की निखिता अग्रवाल, सुंदर नगर के राकेश महिता, सुंदर नगर के जतिंदर महिता, जमालपुर अवाना के सनी मलिक, गांव मुडियां कलां के दविंदर सिंह, सेक्टर-32ए के इकबाल कृष्ण, मोहर नगर के वासदेव लूथरा, मोती नगर स्पीड वेज कोल्ड ट्रेडर्ज के बलविंदर सिंह और उसके साथ ही कुलदीप सिंह, हरप्रीत सिंह, मोती नगर के शैलेंदर कुमार, रीमा, मोती नगर की कशिश, समराला रोड के संदीप जलोटा, गुरदेव नगर के सुमेल सिंह, दुगरी फेस-2 मकान नंबर 2139 के वैभव गोयल, अग्र नगर सेक्टर-बी की बंदना अबरोल पति हितेश, बाड़ेवाल अवाना-2 की पूजा गर्ग, टैगोर नगर की जया कालड़ा, उसके पति रवि अर्पन कालड़ा, चंद्र नगर छोटी पुली के उमेश गुप्ता, प्रेम नगर की संगीत वेलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट, गुरदेव नगर के गुरचरन सिंह, बस्ती जोधेवाल की मनजीत कौर, बस्ती जोधेवाल गली 1 के बलदेव सिंह, बस्ती जोधेवाल की सभा गुरु रविदास चौक के प्रबंधक, गांव मुडियां कलां की मनजीत कौर, दुगरी अर्बन एस्टेट फेस-1 के हर्ष सूद, गांव बग्गा कलां के भगवंत सिंह, गांव मुडियां कलां की अमरदीप कौर, गुरु तेग बहादुर नगर मुडियां कलां के सुरेश कुमार, गांव खासी कलां के ज्योति गिल, हरचरन नगर गली सात के मनदीप सिंह, गांव कक्का के परमजीत सिंह, गांव कक्का के जोगिंदर सिंह, टिब्बा रोड गुरु गोबिंद नगर के चरनजीत सिंह ग्रेवाल, धर्मपुरा गली 4 के गुरदीप सिंह, धर्मपुरा के मेजर सिंह, कासाबाद के प्यारा सिंह, गांव राजपुरा के गुरनाम सिंह, मोचपुरा बाजार के पलविंदर सिंह, टिब्बा रोड कृष्ण विहार के मुकीद आलम, शर्मनजी वाटिका के दिनेश अग्रवाल, महावीर एन्क्लेव के अरविंद बांसल, शिवाजी नगर की निहारिका अरोड़ा, प्रताप कॉलोनी के अमित डावर, मोहर सिंह नगर की जसवीर कौर, यूपी सिद्धार्थ नगर के अशोक पटेल, शर्मनजी वाटिका की निखिता अग्रवाल, महावीर एन्क्लेव की अंजली बांसल, जमालपुर आरती नगर के इकविंदर सिंह, टेक्सटाइल कॉलोनी मिल्लरगंज के तारा चंद मगाहा, बाबा गज्जा जैन कॉलोनी की ई.डी. फैब्रिक्स, रिषी नगर 84बी की भारती जैन, गनेशपूरी गली 8 के कपिल अरोड़ा, सिविल लाइन मकान 435 की रम्मा सोफत, दिल्ली महेंद्रू रोड के नवीन ग्रोवर, मोती नगर के.सी. लैंड एंड फाइनेंस के हितेश कुमार डायरेक्टर, क्लबर रोड 8 की कुसम कपूर, गांव चक्क कलां के लक्ष्मण दास, अग्र नगर एक्सटेंशन मकान 3 के गुलशन कुमार, ग्रीन एवेन्यू अमृतसर के मनमीत सिंह, मधुबन एन्क्लेव बाड़ेवाल के जोगिंदर पाल सूद, मुडियां कलां की सवरनजीत कौर, बचित्र नगर के निर्मल सिंह, प्रेम नगर बी-20-332 के चंदनदीप बांसल, प्रेम नगर स्थित मंदिर सीध बाबा बालक नाथ जी के भगत तरसेम लाल चैरीटेबल ट्रस्ट, किशोर नगर के जोगिंदर सिंह, हरियाणा नानकपुरा के विश्वमानव रुहानी केंद्र, साउथ सिटी बी60 के शमिंद्र मोहन चौपड़ा, सुखमनी एन्क्लेव 74 के राजीव वोहरा, किचलू नगर 49बी के हरभजन सिंह, जगदीप नगर के राम कृपाल सिंह, जालंधर अप्परा के सुभाष चंद्र, अप्परा के पवन कुमार, अप्परा के रोहित कालड़ा, दुगरी फेस-1 की दविंदर कौर, फिल्डगंज के पवन कुमार, सेक्टर-32ए के विनय कुमार सिंगला, चेत सिंह नगर के विपन शर्मा, भामियां रोड सुखदेव नगर के विनोद कुमार, शाही मोहल्ला के जतिंदर सिंह, कुलिएवाल की चरनजीत कौर, जमालपुर फेस-2 की नीना कालड़ा, गांव खासी कलां के सुखचैन सिंह, शेरपुर कलां 1012 के हरजिंदर सिंह, चैमपा स्ट्रीट नजदीक पुलिस लाइन के ललित गुप्ता, खजानची बाग तरफ सैदा के लवली चौपड़ा, मलेरकोटला हाउस 728 के राजपाल सैनी, संगरुर सुनाम की अनूपमा गोयल, संगरुर प्रेम बस्ती की रोनू गोयल, गांव कनीजा के बलवीर सिंह, गगनदीप कॉलोनी के पंकज कुमार, शिवपुरी के लोकेश जैन, कॉलेज रोड की अजीत स्ट्रीट के संभव जैन, न्यू टैगोर नगर के सुरजीत सिंह, सेक्टर-32ए के ग्रोवर महाजन, क्लब रोड 58 के डॉ. वेद प्रकाश टक्कर, सिविल लाइन द माल की मां भगवती मंदिर ट्रस्ट, गांव मंगली टांडा के सरबजीत सिंह, गांव मंगली टांडा के कुलदीप सिंह, गुरु नानकपुरा हैबोवाल के खुशहाल चंद, गुरु नानकपुरा की पुष्पा देवी, गुरु नानकपुरा के रोहित चौपड़ा, गुरु नानकपुरा की नेहा चौपड़ा, गुरु नानकपुरा की मनिंदर कौर, एसबीएस नगर 155ई के राकेश कुमार, हरिद्वार के तीर्थ शांती कुंज के वेद माता मंदिर ट्रसट गायत्री, मॉडल टाउन एक्सटेंशन ब्लॉक-सी की मनप्रीत कौर, सेक्टर-32ए के इकबाल कृष्ण, मोहर नगर के वासदेव लूथरा, सतजोत नगर के अश्वनी कुमार, नगिंदर नगर की श्री गुरु हरकृष्णा साहिब वेलफेयर सोसासटी, नवा मोहल्ला के आकाश मल्होत्रा, बसंत एवेन्यू की मनीता रानी, गांव मुडियां कलां के मुख्तियार सिंह, गुरु नानक नगर 33 फुट रोड की शिव शक्ति दुर्गा माता मंदिर व धर्मशाला, शिवाजी नगर के के.आर. भट्ट एचयूएफ, चौड़ी सड़क बाजड़ा की मनप्रीत कौर, मोती नगर की महिंद्र मैनसर्ज एंड लक्की स्कीम प्रा. लि., किदवई नगर की मालती नारंग, मॉडल टाउन एक्सटेंशन के सुरजीत सिंह, कर्मसर कॉलोनी के दीपक गुलेरिया, दलीप सिंह नगर के गुरपाल भुंबला, गुरदेव नगर 3435 की अलका जैन, जनकपुरी के केवल कृष्ण, जनकपुरी के राकेश कुमार, बीआरएस नगर 692ई की गुरचरन कौर, कामरन रोड के राजीव चौहान, जालंधर धोबी मोहल्ला के जसवंत सिंह, गांव रामगढ़ की तृप्त कौर, जैपाल कॉलोनी के सतीश कुमार, गांव ख्वाजके के सरप्रीत सिंह, सराङा नगर 66के के रोहित जैन, नवा मोहल्ला के राधे श्याम, नवा मोहल्ला के सतपाल, नवा मोहल्ला के मदन, नवा मोहल्ला की विद्यावंती, नवा मोहल्ला की सीबा रानी, नवा मोहल्ला की चंचल रानी, छावनीं मोहल्ला के पूरण भगत, समिट्री रोड की बलजीत कौर, बीआरएस नगर के जसविंदर सिंह, ग्रेवाल कॉलोनी राहो रोड के रवि बग्गा, ग्रेवाल कॉलोनी की तिशा बग्गा, ग्रेवाल कॉलोनी के मनी, चंद्र लोक कॉलोनी के करन वर्मा, न्यू शक्ति नगर के रमेश कुमार, गुरु अर्जुन देव नगर के हरीष कुमार, भामियां कलां के गुरमेल सिंह, जीटी नगर के जी.टी.वी एस्टेट, गांव ससराली के तरलोचन सिंह, चंदरलोक कॉलोनी के जगदेव सिंह, गांव ताजपुर के बलजिंदर सिंह, भामियां कलां के प्रकाश मसीह, भामियां कलां के हरजीत सिंह, दुगरी फेस-1 की दविंदर कौर, किदवई नगर के शशि पाहवा, शेरपुर कलां के अनीतिश मेहरा, काकोवाल के महिंद्र सिंह, सुखराम नगर फिल्लडगंज के लक्की टेक्सटाइल फैब, भामियां खुर्द के बंत सिंह, सेक्टर-32ए के रमेश कुमार, गांव काकोवाल के संतोख सिंह, शिमला कॉलोनी के अनिल कुमार, ढोलेवाल मकान नंबर 13890 की अमृत कौर, भामियां कलां के जोरा सिंह, खासी कलां की मनजोत कौर, शेरपुर कलां के अनितिश मेहरा, विकास नगर के हरप्रीत सिंह, संतोष विला कंट्री होम 5 की नितिका बासू, गांव हवास के चरन सिंह, न्यू शिवपुरी रोड के राजविंदर सिंह, मुडियां कलां के हरप्रीत सिंह, मोती नगर के एस.आर. डेवलपर्स एंड कॉलोनाइजर्स, दाना मंडी के रणधीर सिंह, बसंत नगर शिवपुरी के संजीव कुमार, घाटी गुजरा की कृष्णावंती, सेखेवाल के मनीष गर्ग, सुखमनी एन्क्लेव की हरप्रीत कौर, नोलखा गार्डन कॉलोनी के कपिल जुनेजा, गांव काकोवाल के मनजिंदर सिंह, न्यू शिवपुरी के करन अरोड़ा, गांव कुलिएवाल के जसविंदर सिंह, न्यू मोती नगर के रमेश कुमार, नूरवाला के सतनाम सिंह, रिषी नगर के दर्शन लाल, दुगरी फेस-1 के पवन कुमार, गांव कक्का के सरदूल सिंह, मोहर सिंह नगर के कशिश चौपड़ा, लिंक रोड गली एक के बलविंदर सिंह, गांव भोरा की सिमरजीत कौर, बहादुरके रोड की बलबीर कौर, सेक्टर-32ए के विनय कुमार सिंगला, भामियां कलां की गुरचरन कौर, हरबंसपुरा के राकेश कुमार, गांव चूहड़पुर की मनजीत कौर, गोपाल नगर के राम कृष्ण, चंद्रलोक कॉलोनी के कोमल, चंद्रलोक कॉलोनी के कालू, चंद्रलोक कॉलोनी के कुलबुल गुप्ता, चंद्रलोक कॉलोनी के पुषार्वासी, मलेरी गली की कंचन कांसल, मलेरी गली के आत्म सरुप, मलेरी गली के कृष्ण लाल, मलेरी गली के दिनेश कुमार, मुडियां कलां की सुखविंदर कौर, प्रेम नगर के महेश गोयल, गांव मुडियां कलां के दिलबाग सिंह, गांव मुडियां कलां के बलराज सिंह, गुरु तेग बहादुर नगर की शिवाला भट्ट, छावनीं मोहल्ला की संतोष रानी, झंडे वाली गली के चंद्रमोहन, भामियां कलां के गुरशरन सिंह, धर्मपुरा के जसविंदर सिंह, संदीप नगर की मीनू अग्रवाल, फिल्लडगंज कूचा 10 की वीना बांसल, पटेल नगर के गौरव पाहवा, सुंदर नगर की नीलम रानी, गांव फामड़ा के लाभ सिंह, सरवन पार्क राहों रोड के करन अरोड़ा, पुराना बाजार की कुसुम गुप्ता, मॉडल टाउन एक्सटेंशन के विधू गुप्ता, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बीआरएस नगर के गोपाल संड, किचलू नगर के विवेक कुमार गोयल, बसंत विहार की राखी जैन, फिरोजगांधी मार्केट के कैरीबल बिल्ड के हरभजन सिंह राणा, ईस्ट मॉडल ग्राम के साहिल कुमार, जमालपुर फेस-2 की अमनदीप कौर, मॉडल टाउन एक्सटेंशन के पवन कुमार, मॉडल टाउन एक्सटेंशन के सोनिया बजाज, मॉडल हाउस की सुरिंदर कौर, बेटगंज के राजेश कुमार

• शेष खबरे पेज 04 पर

# पंचकूला क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 की बड़ी कार्रवाई, 11 चोरीशुदा वाहन बरामद





अजीत झा

पंचकूला। क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 की टीम ने इंस्पेक्टर दलीप सिंह के नेतृत्व में वाहन चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर कुल 11 चोरीशुदा वाहन बरामद किए हैं, जिनमें 9 मोटरसाइकिल और 2 एक्टिवा शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार 17 फरवरी को पुलिस टीम रामगढ़ क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में मोटरसाइकिल लेकर घूम रहा है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गुरसेवक सिंह पुत्र शमशेर सिंह, निवासी फरीदकोट (पंजाब) हाल निवासी फुनी माजरा (लांडरा), पंजाब को चोरी की मोटरसाइकिल सहित काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अन्य चोरी किए गए वाहनों के बारे में खुलासा किया, जिन्हें उसने अलग-अलग स्थानों पर छिपा रखा था। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर सभी वाहन बरामद कर थाना में केस प्रॉपर्टी के रूप में जमा कर दिए। जांच में इंजन और चेसिस नंबर से वाहनों के चोरीशुदा होने की पुष्टि हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना चंडीमंदिर में बीएनएस की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# डड्डूमाजरा में एलपीजी सिलेंडर में भीषण आग, घर का सामान जलकर खाक

## समय रहते दमकल पहुंची, बड़ा हादसा टला

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 18 फरवरी। डड्डूमाजरा के मकान नंबर 1168 में उस समय हड़कंप मच गया जब घर के भीतर रखे छोटे एलपीजी सिलेंडर में अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने रसोई और आसपास रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि घटना के वक्त घर में कोई मौजूद नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

सूचना मिलते ही चंडीगढ़ दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने से घर में रखा घरेलू सामान, फर्नीचर और रसोई उपकरण जलकर नष्ट हो गए।

स्थानीय लोगों के अनुसार सिलेंडर को जलती अवस्था में छोड़ दिया गया था, जिससे गैस रिसाव और लपटें तेज हो गई।







हालांकि आग के सटीक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। पुलिस और दमकल विभाग ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

### पड़ोसियों में दहशत

आग की लपटें और धुआं उठता देख आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। समय पर दमकल पहुंचने से आग को फैलने से रोक लिया गया, जिससे आसपास के मकान सुरक्षित रहे।

दमकल विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि एलपीजी सिलेंडर का उपयोग करते समय सावधानी बरतें, गैस स्टोव बंद करने के बाद रेगुलेटर भी बंद करें और किसी भी तरह की गैस गंध आने पर तुरंत संबंधित विभाग को सूचित करें।

फिलहाल राहत की बात यह है कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आग ने एक बार फिर रिहायशी इलाकों में गैस सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## पेज 01 का शेष

### 67 महिलों समेत 318...

मोहर सिंह नगर के कशिश चौपड़ा, संत फतेह सिंह नगर कपिल बजाज, एमआईजी फ्लैट की अवनीत सिंह, न्यू शिवपुरी के करन अरोड़ा, जस्सल हाउस के संजीव कुमार, इस्लामगंज की सीमा, एमआईजी फ्लैट दुगरी के जसविंदर सिंह, कासाबाद के टहिल सिंह, द मॉल सिविल लाइन के मां भगवती मंदिर ट्रस्ट, इस्लामगंज की करमजीत कौर, इस्लामगंज की पुष्पा देवी, मेहरबान गांव की कांता रानी, गांव टकाराला बलाचौर की विमला देवी, इंदौर पानीवाला टैंक के गुरमीत सिंह, न्यू मॉडल टाउन की आशा खुराना, गांव कक्का के ओम प्रकाश, कबीर नगर के बरनी प्रसाद, काकोवाल की संदीप कौर, शहीद उधम सिंह नगर की नैना धीर, काकोवाल के तलविंदर सिंह, बस्ती जोदेवाल की रम्मा धीर, भामियां कलां के बुध सिंह, भामियां कलां के संत सिंह, खासी कलां के जगतार सिंह, खासी कलां के कुलविंदर सिंह, सेक्टर-32ए के सारेश गोयल, मोती नगर जीके ऑटो इंजीनियर्स के प्रोफेसर प्रेम सिंह, ताईपाम एक्सपोर्ट के मेनेजिंग डायरेक्टर दविंदर सिंह, मोती नगर की बलजीत कौर, मॉडल टाउन की संगीता वरसानी, निहार सिंह वाला के गगनदीप गर्ग, निहाल सिंह वाला के करन गर्ग, मोती नगर के मनदीप सिंह, मोती नगर के जसविंदर सिंह, जमालपुर अवाना के तेज फाइनेंस एंड इन्वेस्टमेंट कारपोरेशन, राम नगर बेरी रोड के राजीव सरीन, प्रेम नगर के कृष्ण दियाल, जनकपुरी 218 के केवल कृष्ण, जनकपुरी के रामेश कुमार, गांव ख्वाजके के जगतार सिंह, जीटीबी नगर भामियां के जीटीवी एस्टेट, मोती नगर की सुखपाल कौर, न्यू शिवपुरी के कुलदीप कुमार, न्यू शिवपुरी के राज दुलारी, मोती नगर के एक्सिस बैंक, सिकंदरी रोड की परविंदर कौर, गुरु अर्जुन देव नगर की देवी, अमन नगर के जोगा सिंह, संन्यास नगर फामड़ा रोड के ज्ञानमती, जनपथ इस्टेट कैलाश रोड 171 के प्रदीप कुमार, मॉडल टाउन 452डी की हरजीत कौर वगैरा, बसंत विहार के संजीव मलिक, बसंत विहार के दिलप्रीत सिंह ग्रेवाल, बसंत विहार के नरेश चंद, गांव कासाबाद के कुलवंत सिंह,गांव कासाबाद के जसवंत सिंह, जमालपुर अवाना के कुलविंदर सिंह, जमालपुर अवाना के सुखविंदर सिंह, गांव ताजपुर के जगदेव सिंह, सलेम टाबरी बी-25-274/6 के इंद्रदीप सिंह, सलेम टाबरी के चरनजीत सिंह, वीनज गारमेंट्स के अनिल जैन, मानस चड्ढा, नरिंद्र चड्ढा, सतियान भाटिया, राम नगर गली 4 के संदीप सिंह, राम नगर के हरीष कुमार तलवाड़, अवलर दाउदपुर के वरिंदर पाल, न्यू विष्णुपुरी के दर्शन लाल, ब्रहमपुरी के सुरिंदर मोहन, सरकुलर रोड के संत कुमार एंड संस, शिमला कॉलोनी के मुख्तियार सिंह, सुपरग्रे इंस्टीच्यूट ऑफ ट्रेडिंग, गुरदेव नगर 20-2882 की संगीता जैन, एल.एम.पी. के टोसमू टैट सोफ्टवेयर सल्यूशनज, शेरपुर कलां की कृतिका ब्रदर्स, राजगुर नगर एक्सटेंशन ब्लॉक-एफ 13 के सतीश गुप्ता, मॉडल टाउन के इंद्रजीत सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### अभी सेल परचेज वालों पर गिरी गाज, अधिकारी रडार पर

हाईकोर्ट में जिला प्रशासन द्वारा 296 रजिस्ट्रियां गलत तरीके से होने का एफिडेबिट पेश किया था। जिसमें से प्रशासन द्वारा अभी तक 159 केसों में सेल परचेज करने वाले 318 लोगों पर एक्शन लिया है। इसके अलावा बाकी केसों की जांच जारी है। वहीं इसी के साथ इन रजिस्ट्रियों में शामिल तहसीलदार, सब तहसीलदार, कानूनगो, पटवारी, सब रजिस्टरार ऑफिस के क्लर्क और डीड राइटर रडार पर है। जल्द उन पर भी एक्शन होने की संभावना है।

### डीड राइटर्स से लेकर सब रजिस्टरार तक पैसे पहुंचने की चर्चा

डीड राइटर द्वारा ही रजिस्ट्रियां की लिखी जाती है। वहीं कौन सी रजिस्ट्री किस एरिया में करानी है, यह सब उसी की और से रजिस्ट्री लिखते हुए उसमें लिखा जाता है। चर्चा है कि कुछ डीड राइटर्स द्वारा प्रॉपर्टी खरीदने व बेचने वालों से पहले सेटिंग कर ली जाती है। ऐसे में अगर कोई प्रॉपर्टी एक करोड़ की है तो उसमें हेरफेर करके उसे 50 लाख की दिखा दिया जाता है। जिससे स्टॉम्प ड्यूटी भी कम हो जाती है। डीड राइटर द्वारा उसी मुताबिक कम स्टॉम्प ड्यूटी सरकारी खाते में जमा करवा दी जाती है। जिसके बाद अपनी रिश्वत का हिस्सा अलग से ले लिया जाता है। चर्चा है कि फिर वह रिश्वत डीड राइटर से लेकर सब रजिस्टरार तक सभी अधिकारियों और मुलाजिमों में बांटी जाती है। जिससे फिर उक्त रजिस्ट्री के दस्तावेजों को आंखें बंद करके पास कर दिया जाता है।

# DTBA लुधियाना में नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन



लुधियाना, यूटर्न, 18 फरवरी। डीटीबीए (DTBA) लुधियाना की जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक आज आयोजित की गई, जिसमें नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एकजुटता दिखाते हुए नए पदाधिकारियों के नामों पर मुहर लगाई। अरुण कंवल को सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं चंदर सहगल को भी उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठन के सचिव पद पर अशोक वढेरा को चुना गया, जबकि प्रिंस विवेक को वित्त सचिव की अहम जिम्मेदारी दी गई। इसके अतिरिक्त सुतिक्षण टंडन को संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाने तथा आपसी समन्वय को बढ़ाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि डीटीबीए लुधियाना व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा और जिले में व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए सकारात्मक पहल की जाएगी। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने नई टीम को बधाई दी और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। संगठन में नई ऊर्जा और उत्साह देखने को मिला।

Uturn Time 19 Feb 2026_Layout 2 19-02-2026 00:08 Page 5





पेज 12 पीएम मोदी 19 फरवरी को भारत मंडपम में इंडिया...

# चंडीगढ़ कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने डीसी से की मुलाकात, लंबित मुद्दों पर त्वरित समाधान की मांग



चंडीगढ़, यूटर्न, 18 फरवरी। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष एच.एस. लक्की के नेतृत्व में डिप्टी कमिश्नर निशांत यादव से मिला और शहर से जुड़े लंबे समय से लंबित ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि डीसी की अध्यक्षता में गठित कमेटी के समक्ष कई महत्वपूर्ण विषय लंबित हैं, जिनका शीघ्र समाधान शहर की आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों के लिए जरूरी है। कांग्रेस नेताओं ने इंडस्ट्रियल एरिया में एफएआर बढ़ाने, बूथों को अतिरिक्त स्टोरेज की अनुमति देने, शॉप-कम-फ्लैट्स में बॉक्स टाइप स्ट्रक्चर को मंजूरी तथा सेक्टर-17 और 34 की मार्केट की बेसमेंट में कमर्शियल गतिविधियों की अनुमति की मांग उठाई। मध्य मार्ग के शोरूम्स में कलेक्टर रेट को तर्कसंगत बनाने और जीपीए से जुड़े लंबित मामलों के समाधान की भी मांग की गई। सोसायटियों में छोटी वायलेशनों पर नोटिसों को लेकर प्रशासनिक सख्ती पर आपत्ति जताते हुए मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की अपील की गई। इसके अलावा पार्किंग समस्या, लैंड पूलिंग, गोशालाओं की समस्याएं और खाली सरकारी संपत्तियों के उपयोग का मुद्दा भी उठाया गया। प्रतिनिधिमंडल ने मनरेगा कानून में प्रस्तावित बदलावों के विरोध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। डीसी ने सभी मुद्दों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# चंडीगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता, पांच फरार/घोषित अपराधी गिरफ्तार











चंडीगढ़, यूटर्न, 18 फरवरी। चंडीगढ़ पुलिस की पीओ एवं समन स्टाफ टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 05 फरार/घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई यूटी चंडीगढ़ की एसएसपी के निर्देशों पर, विजय सिंह की निगरानी में तथा शेर सिंह के नेतृत्व में अंजाम दी गई।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में 02 राज्य मामलों के घोषित अपराधी, 01 आरोपी 138 एनआई एक्ट मामले में, और 02 आरोपी गैर-जमानती वारंट में शामिल हैं।

**गिरफ्तार आरोपियों का विवरण:**

01. अशोक उर्फ सनी पुत्र राम फेर, निवासी मकान नंबर 1125, सेक्टर-25, चंडीगढ़ को थाना मालोया में दर्ज एफआईआर नंबर 82/2023, धारा 61-1-14 आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर मॉडल जेल बुड़ैल भेजा गया।

02. बसंत कुमार पुत्र अखिलेश कुमार, निवासी मकान नंबर 238, पिपली वाला टाउन, मनीमाजरा, चंडीगढ़ को थाना मनीमाजरा में दर्ज एफआईआर नंबर 451/2018, धारा 379 व 411 आईपीसी के तहत गिरफ्तार किया गया। अदालत में पेशी के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

03. अमित सोनी पुत्र राजा राम सोनी, निवासी #1746, दशमेश नगर, नया गांव, मोहाली को आईसीएमएस/2026/004421, केस नंबर NACT/20801/2018, धारा 138 एनआई एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद जमानत पर रिहा किया गया।

04. गैर-जमानती वारंट में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया—

- ममता पत्नी संजीव कुमार, निवासी #61, खुशहाल एन्क्लेव, ढाबा, जीरकपुर (पंजाब)
- सुप्रिया पत्नी संदीप सिंह, निवासी मकान नंबर 333, खुशहाल एन्क्लेव, जीरकपुर (पंजाब)

दोनों को केस नंबर NACT1438/2025, धारा 138 एनआई एक्ट के तहत गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पर्सनल बॉन्ड पर रिहा कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार फरार और घोषित अपराधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि कानून से बच रहे आरोपियों को जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में लाया जा सके।

## पटियाला चौक और रमाडा होटल के पास नाकेबंदी, 103 वाहनों के काटे चालान



जीरकपुर, यूटर्न, 18 फरवरी। शहर की बेलगाम ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए बुधवार को ट्रैफिक पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया। पुलिस प्रशासन द्वारा पटियाला चौक, रंजन प्लाजा और रमाडा होटल जैसे व्यस्ततम इलाकों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। पुलिस ने कुछ ही घंटों के भीतर कुल 103 चालान काटकर सख्त संदेश दिया।

**इन गलतियों पर गिरी गाज:** पुलिस के अनुसार, सबसे ज्यादा कार्रवाई गलत साइड पार्किंग और लापरवाही से वाहन चलाने वालों पर हुई। इसके अलावा सीट बेल्ट न लगाने और ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल करने वाले भी पुलिस के रडार पर रहे। ट्रैफिक इंचार्ज ने बताया कि सड़कों पर जाम की स्थिति और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है।

**पुलिस की चेतावनी:** विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह केवल एक दिन की कार्रवाई नहीं है। आने वाले दिनों में भी जीरकपुर के मुख्य चौराहों पर इसी तरह की आकस्मिक चेकिंग जारी रहेगी। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए नियमों का पालन करें, अन्यथा सख्त कानूनी कार्रवाई और भारी जुर्माने के लिए तैयार रहें।

## नई वार्ड बंदी पर कानूनी पेच, 18 मार्च को होगी अगली सुनवाई



जीरकपुर, यूटर्न, 18 फरवरी। नगर परिषद चुनाव से पहले नई वार्ड बंदी को लेकर छिड़ा कानूनी विवाद लगातार गहराता जा रहा है। माननीय अदालत द्वारा पहले नई वार्ड बंदी पर स्टे लगाए जाने के बाद अब इस मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च को निर्धारित की गई है।22 दिसंबर 2025 को घोषित की गई इस नई वार्ड बंदी का शहर के अधिकांश पार्षदों ने विरोध किया था। नगर परिषद जीरकपुर के अध्यक्ष उदयवीर सिंह ढिल्लों ने इस फैसले को अदालत में चुनौती दी थी। सरकार की ओर से 29 दिसंबर तक आपत्तियां मांगी गई थीं और प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए प्रस्ताव को नोटिफिकेशन के लिए भेजा गया था, लेकिन मामला अदालत में पहुंचने के चलते अंतिम अधिसूचना जारी नहीं हो सकी। पिछली सुनवाई में अदालत ने नई वार्ड बंदी पर रोक लगा दी थी, जिससे चुनावी प्रक्रिया को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बन गई है। नगर परिषद की मौजूदा टर्म 5 अप्रैल 2026 को समाप्त होनी है, ऐसे में समयसीमा भी प्रशासन और राजनीतिक दलों के लिए अहम हो गई है। कानूनी जानकारों का मानना है कि यदि स्टे आदेश बरकरार रहता है तो आगामी नगर परिषद चुनाव पुरानी वार्ड बंदी के अनुसार ही कराए जाने की संभावना मजबूत हो सकती है। वहीं 18 मार्च की सुनवाई को इस पूरे मामले में निर्णायक माना जा रहा है। अदालत के रुख से जीरकपुर की सियासत की दिशा और चुनावी रणनीतियों पर सीधा असर पड़ सकता है।




# आखंड यज्ञ स्थल पर तुलसी पूजन कर पर्यावरण की संभाल का स्वयंसेवको ने किया संकल्प

लुधियाना/यूटर्न/18 फरवरी। मां बगलामखी धाम में 243 घंटे के 11 दिवसीय आखंड यज्ञ के आठवें दिन बुधवार को यज्ञ स्थल पर तुलसी पूजन कर महंत प्रवीण चौधरी जी ने पर्यावरण की संभाल का संकल्प उपस्थित जनसमूह को करवाया। दूषित होते पर्यावरण पर चिंतित महंत जी ने कहा हम लोगो ने निजी हितों की पूर्ति के लिए कुदरत के विपरित जाकर अपने व अपनी भावी पीढिय़ो के लिए प्रदूषण रुपी बीज रोपित कर मुसीबतों का पहाड़ खड़ा कर दिया है। स्कूली बच्चो ने दूषित होते वातावरण से छुटकारा पाने के लिए गीतों व कविताओ के माध्यम से जनमानस को सुझाव दिए। देश-विदेश से पधारे श्रद्धालुओ ने मां बगलमुखी को वस्त्र



व भोग अर्पित कर नमन किया। भाजपा नेता जीवन गुप्ता व जिला भाजपाध्यक्ष रजनीश धीमान , पार्षद अनिल भारद्वाज ने यज्ञ में आहुतियां डाली। सायंकालीन भजन संध्या में भजन गायक साजन चंचल और कपिल शर्मा ने भजन प्रस्तुत की। धाम के सेवादार मनप्रीत छतवाल ने पर्यावरण को सर्मपित सातवें दिन तुलसी के पौधे प्रसाद के रुप में भेंट कर पर्यावरण का संदेश घर-घर तक पंहुचाया। सेवक नवनजोत छतवाल, कर्ण शांडिल्या, सुनील महाजन, रमन घई, जतिन्द्र सूद, मोहित सूद, प्रशोतम चौधरी, राणा रणजीत सिंह, सुधीर महाजन, गौरव कालिया, जतिन सूद, परमवीर चौधरी, संदीप सूद, सुनील हांडा, नरिंदर सिंगला, इकबाल सिंह, बलजीत तारीखा, गौतम सचदेवा, सुनील गेरा, अंकुश सिंगला, नरिंदर महाजन, तरुण चौधरी, चेतन टंडन, साहिल सिंगला, राज सोंलकी, पंकज गुप्ता, दीपक गर्ग, दिनेश रल्ली, वरूण जैन, मनीष गुप्ता, विजय गुप्ता, रमन शर्मा, आदित्य गुप्ता,वरुण चोपड़ा मौजूद थे।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Nominee, Legal Heir और Claimant—तीनों में क्या अंतर है?**

किसी व्यक्ति के निधन के बाद अक्सर परिवार में एक सामान्य भ्रम पैदा होता है—Nominee कौन है, Legal Heir कौन है, और Claimant किसे कहते हैं? इन तीनों शब्दों का अर्थ अलग-अलग है और कानूनी परिणाम भी अलग होते हैं।

सबसे पहले Nominee को समझें। Nominee वह व्यक्ति है, जिसका नाम बैंक खाते, बीमा पॉलिसी, PF या निवेश में दर्ज होता है। संस्था मृत्यु के बाद राशि Nominee को दे सकती है। लेकिन यह समझना जरूरी है कि Nominee अंतिम मालिक (absolute owner) नहीं होता। वह राशि केवल प्राप्त करता है, पर वास्तविक अधिकार कानूनी वारिसों के अनुसार तय होते हैं।

अब बात करें Legal Heir की। Legal Heir वह व्यक्ति होता है, जिसे कानून के अनुसार संपत्ति का अधिकार मिलता है। यदि Will मौजूद है, तो संपत्ति Will के अनुसार बँटेगी। यदि Will नहीं है (Intestate death), तो उत्तराधिकार कानून लागू होता है और उसमें निर्धारित वारिसों को अधिकार मिलता है—जैसे पत्नी, बच्चे, माता-पिता आदि।

तीसरा शब्द है Claimant. Claimant वह व्यक्ति है, जो दावा पेश करता है। हर Legal Heir claimant हो सकता है, लेकिन हर claimant legal heir हो—यह जरूरी नहीं। कई बार Nominee claimant होता है, कभी कोई वारिस अदालत में दावा करता है, और कभी Succession Certificate लेने वाला व्यक्ति claimant कहलाता है।

यही भ्रम कई विवादों की जड़ बनता है। बैंक Nominee को भुगतान कर देता है, लेकिन बाद में अन्य Legal Heirs अधिकार का दावा करते हैं। इसलिए Nomination और Ownership को अलग-अलग समझना आवश्यक है।

निष्कर्ष: Nominee भुगतान पाने का माध्यम है, Legal Heir संपत्ति का वास्तविक हकदार है, और Claimant वह है जो दावा पेश करता है। इन तीनों की सही समझ ही मृत्यु के बाद उत्पन्न विवादों से परिवार को बचा सकती है।

## रूह से रूबरू





चारु नागपाल

### बिहारी जी मंदिर के अंदर रेलिंग ने भक्तों की बढ़ाई सुविधा

बांके बिहारी मंदिर वृंदावन का एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है जहाँ हर दिन हजारों भक्त दर्शन के लिए आते हैं। हाल ही में मंदिर के अंदर रेलिंग लगाए जाने से दर्शन व्यवस्था पहले की तुलना में अधिक सुगम और सुरक्षित हो गई है। पहले अधिक भीड़ के कारण भक्तों को धक्का-मुक्की और अव्यवस्था का सामना करना पड़ता था, जिससे बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को विशेष कठिनाई होती थी।

रेलिंग लगने के बाद अब भक्तों की लाइन व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ती है। इससे समय की बचत होती है और भक्त शांति से भगवान के दर्शन कर पाते हैं। मंदिर प्रशासन को भी भीड़ नियंत्रित करने में सुविधा हुई है। सुरक्षा के लिहाज से भी यह व्यवस्था काफी लाभदायक साबित हुई है, क्योंकि इससे अचानक भगदड़ जैसी स्थिति बनने की संभावना कम हो जाती है। इस नई व्यवस्था से भक्तों में संतोष देखने को मिल रहा है। कई श्रद्धालुओं का कहना है कि अब वे बिना डर और परेशानी के दर्शन कर पा रहे हैं। इस प्रकार रेलिंग लगाने का निर्णय भक्तों और मंदिर प्रशासन दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हुआ है। भविष्य में भी ऐसी व्यवस्थाएँ धार्मिक स्थलों पर लागू की जानी चाहिए ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिल सके।

# सफाई कर्मचारी कमीशन पंजाब के वाइस चेयरमैन को अध्यक्ष अरुण गिल ने किया सम्मानित





चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/18 फरवरी। लुधियाना बचत भवन में सफाई कर्मचारी कमीशन पंजाब के वाइस चेयरमैन सुरिंदर कल्याण की अध्यक्षता में एक मीटिंग हुई जिसमें म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन लुधियाना म्युनिसिपल काउंसिल खन्ना म्युनिसिपल काउंसिल जगरांव के सभी पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन और म्युनिसिपल काउंसिल में आने वाले सफाई कर्मचारियों को समस्याओं के बारे में बताया। इन समस्याओं को ध्यान से सुनने के बाद सफाई कर्मचारी कमीशन पंजाब के वाइस चेयरमैन ने समस्याओं को क्रम से हल करने का भरोसा दिया। दिए गए भरोसे के मुताबिक, म्युनिसिपल काउंसिल जगरांव के तहत सीवरेज के काम में लगे कर्मचारियों के 4-9-14 के प्रमोशन को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का वादा दोहराया गया। इस मीटिंग में अऊ्ळ अर्बन डेवलपमेंट लुधियाना रूपिंदरजीत सिंह, जॉइंट डायरेक्टर कुलवीर सिंह बराड़, म्युनिसिपल कमिश्नर लुधियाना, एग्जीक्यूटिव ऑफिसर खन्ना चरणजीत सिंह, एग्जीक्यूटिव ऑफिसर जगरांव मोहित शर्मा, क्लर्क हरीश कुमार मौजूद थे। सफाई सेवक यूनियन के सेक्रेटरी राजिंदर कुमार, सीवर मैन यूनियन के प्रेसिडेंट राज कुमार, सफाई यूनियन के ऑफिस इंचार्ज संदीप सनी सुनील कुमार ने सफाई कर्मचारी कमीशन पंजाब के चेयरमैन सुरिंदर कल्याण को खास तौर पर सम्मानित किया।

## 22 फरवरी को बीजेपी दफ्तरों और विधायकों के घरों के बाहर रोष प्रदर्शन की घोषणा

जीरकपुर, यूटर्न, 18 फरवरी ।जीरकपुर में चल रहे मोर्चे में शामिल विभिन्न संगठनों ने किसानों के धरने को तितर-बितर करने के लिए पुलिस द्वारा किए गए कथित बल प्रयोग की कड़ी निंदा की है। ठेका मुलाजिम पीएसपीसीएल, टीएसयू और पेंशनर्स साथियों ने जीरकपुर स्थित निगरान इंजीनियर के कार्यालय के बाहर केंद्र और पंजाब सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।




प्रदर्शनकारियों ने भारतीय किसान यूनियन (उगराहां) के नेताओं के घरों पर की जा रही छापेमारी, धरना देने जा रहे किसानों पर लाठीचार्ज और आंसू गैस के इस्तेमाल की सख्त आलोचना की।

प्रेस बयान जारी करते हुए सर्कल सचिव मोहाली एकम सिद्धू और राजिंदर प्रधान ने कहा कि सरकार अपने हक की मांग करने वाले मेहनतकश लोगों की आवाज को दबाने के लिए दमनकारी रवैया अपना रही है।

## न्यू हाई स्कूल की मैनेजमेंट के नटवर लाल बाप बेटे पर एक और FIR , राजनेताओं की भी बढ़ी धड़कने

# बिजली कनेक्शन काटने के बावजूद अवैध तरीके से जनरेटर चला आठ विला और पीजी को दी जा रही थी बिजली

लुधियाना/यूटर्न/18 फरवरी। लुधियाना के नामी न्यू हाई स्कूल सिविल लाइन ब्रांच की मैनेजमेंट पर पुलिस ने एक और एफआईआर दर्ज कर दी है। यह एफआईआर बिजली विभाग की शिकायत पर की गई है। जिसमें स्कूल की बिजली कनेक्शन काटने के बावजूद मैनेजमेंट द्वारा अवैध तरीके से जनरेटर चलाकर आम जनता के लिए खतरा पैदा किया जा रहा था। बता दें कि स्कूल की मैनेजमेंट के मुखी नटवरलाल सुनील मडिया, उसका बेटा गौरव मडिया, कई नेता, रिश्तेदार व करीबी शामिल है। हालांकि पुलिस की और से अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। थाना डिवीजन नंबर आठ की पुलिस ने स्कूल



मैनेजमेंट के अज्ञात मेंबरों पर यह मामला दर्ज किया है।

### कुछ दिन पहले काटी गई थी बिजली

जानकारी के अनुसार न्यू हाई स्कूल की सिविल लाइन और सराभा नगर दोनों ब्रांच का बिजली कनेक्शन पावरकॉम विभाग द्वारा काटा जा चुका है। दरअसल, सिविल लाइन ब्रांच के मीटर से




आठ विला और एक पीजी को अवैध तरीके से बिजली सप्लाई की जा रही थी। वहीं सराभा नगर ब्रांच के बिजली मीटर से श्रीराम यूनिवर्सल स्कूल को बिजली सप्लाई हो रही थी। इस संबंधी न्यू हाई स्कूल ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन और समाजसेवी बलदेव राज कतना द्वारा मुद्दा उठाया गया था। जिसके बाद पावरकॉम की और से जांच के बाद आरोप सही पाए जाने पर दोनों स्कूलों की बिजली काट दी थी।

### अवैध तरीके से जनरेटर किया जा रहा था इस्तेमाल

वहीं बता दें कि अगर किसी का बिजली कनेक्शन काटा जाता है तो नियमों के मुताबिक वे जनरेटर नहीं चला सकता। लेकिन सुनील मडिया द्वारा अपना राजनीतिक रसुख होने के चलते उसने सिविल लाइन ब्रांच में जनरेटर चलाकर आठ विला और पीजी को बिजली सप्लाई दोबारा से देनी शुरू कर दी गई। जिस संबंधी विभाग को पता चला। जिसके बाद विभाग द्वारा फिर से एक्शन लिया गया।

# नौ दिवसीय स्वदेशी मेला वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के विजन को देगा बढ़ावा - राकेश कपूर

लुधियाना/यूटर्न/18 फरवरी। स्वदेशी जागरण मंच पंजाब द्वारा पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में 21 फरवरी से 1 मार्च तक नौ दिवसीय स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा है। पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में लगने वाले मेले को लेकर पंजाब भाजपा मीडिया पेनालिस्ट राकेश कपूर ने होटल फ्रेंड्स रिजेंसी फिरोजपुर रोड पर प्रैसवार्ता के दौरान बातचीत करते हुए कहा कि 2026 में आयोजित हो रहे स्वदेशी मेले, वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के विजन को बढ़ावा दे रहे हैं।यह आयोजन स्वदेशी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, छोटे उद्योगों को मंच प्रदान करने और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जीवंत करने का प्रयास है। मेले में खादी, हस्तशिल्प, मिट्टी व धातु की कलाकृतियां, ऑर्गेनिक उत्पाद, बाजरा, और आयुर्वेदिक उत्पाद मुख्य आकर्षण होंगे। पंजाब का होजरी उद्योग, जो लगभग 5 लाख से अधिक



लोगों को रोजगार देता है, के उत्पादों स्वेटर, टी-शर्ट को विशेष स्थान दिया जाएगा। यह मेला सिर्फ व्यापारिक नहीं, बल्कि विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम करने और स्थानीय निमार्ताओं को सशक्त बनाने के लिए एक जन आंदोलन है छोटे कारीगरों और एमएसएमई को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़कर, आत्म-निर्भरता के साथ-साथ स्थानीय आजीविका को बढ़ावा देना है। मेले में पंजाब की संस्कृति और परंपराओं को उजागर करने के लिए लोक नृत्य और लोक संगीत का आयोजन भी होगा। जिसमें ऊषा उत्थुप, परवेज आलम, साउंड ऑफ सोल, मंडेर ब्रदर्स, अली जैन, सतिंदर बडाली, आदिल, अभिषेक मंगा, जगदीप भुल्लर और जगदीप सांगा अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। इस अवसर पर मोहित गोयल, अश्वनी गुप्ता, सीए शालिनी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## सरकार का गैंगस्टरो पर प्रहार का अभियान केवल प्रचार तक सीमित - देबी



लुधियाना/यूटर्न/18 फरवरी। पंजाब भाजपा कोषाध्यक्ष गुरदेव शर्मा देबी ने विधानसभा सैंट्रल के सैंकड़ो परिवारो को मंजूरशुदा विधवा, बुढ़ापा व विकलांग पैशन के दस्तावेज व जीरो बैलेंस खाते की बैंक कापियां सौंपी। स्थानीय ईसा नगरी स्थित भाजपा कार्यलय में आयोजित समारोह के दौरान देबी ने उक्त दस्तावेज संबधित लाभपात्रियो को भेंट किए। देबी ने केंद्र सरकार की योजनाओ का लाभ घर-घर तक पंहुचाने की वचनबद्धता दोहराते हुए कहा पंजाब सरकार केंद्र की योजनाओ को जमीनी स्तर पर लागू करने में फेल साबित हुई है। आम आदमी के नाम पर वोट बटोरने वाले लोग सता सुख मिलते ही खास आदमी जैसा बर्ताव कर रहे है। शहर में बढ़ती लूटपाट घटनाओ का जिक्र करते हुए उन्होने कहा सरकार का ध्यान गैंगस्टरो व लुटेरों पर प्रहार करने की बजाए प्रचार के माध्यम से वाहवाही लूटने की तरफ है।

## स्पिक मैके लुधियाना चैप्टर द्वारा भावपूर्ण सितार वादन कंसर्ट आयोजित



लुधियाना/यूटर्न/18 फरवरी। स्पिक मैके लुधियाना चैप्टर द्वारा द वर्धमान स्टील क्लासिकल सीरीज के अंतर्गत खालसा कॉलेज फॉर वुमेन, सिविल लाइन्स के संगीत विभाग में सुप्रसिद्ध सितार वादक पं. हरविंदर शर्मा (एसएनए अवार्डी) का एक विद्वतापूर्ण एवं भावपूर्ण सितार वादन कंसर्ट आयोजित किया गया। पं. हरविंदर शर्मा, जो पंजाब के चुनिंदा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्राप्त कलाकारों में से एक हैं, ने कार्यक्रम की शुरूआत थाट पद्धति की विस्तृत व्याख्या से की। उन्होंने हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की संरचना, राग प्रणाली तथा अपने वाद्य यंत्र सितार की बनावट, स्वर-सौंदर्य और वादन तकनीक पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही तबला, समय चक्र (लय) और विभिन्न तालों की भूमिका को भी सरल एवं प्रभावशाली ढंग से समझाया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ तथा इसकी गरिमामयी मेजबानी प्राचार्य डॉ. कमलजीत ग्रेवाल द्वारा की गई। इस अवसर पर निदेशक डॉ. मुक्ति गिल, प्रबंध समिति सदस्य मैडम कुशल ढिल्लों, संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. रीमा शर्मा, विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य एवं संगीत शिक्षक तथा स्पेन की क्लैरिनेट वादक नायरा फर्नांडिस भोगल विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

# पार्षद अमन बग्गा ने वार्ड 94 में खुला दरबार लगा किया शिकायतों का निपटारा

लुधियाना/यूटर्न/18 फरवरी। पार्षद अमन बग्गा ने विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा के दिशा-निदेशी पर वार्ड 94 स्थित न्यू अमन नगर में खुला दरबार लगाकर स्थानीय लोगो की सम्सयाओ का मौके पर ही समाधान करवाया। स्थानीय लोगो की तरफ से बार-बार बिजली सप्लाई में रुकावटों की तरफ ध्यान दिलाने पर अमन बग्गा ने मौके पर मौजूद पंजाब स्टेट पावर काम



अधिकारियो से बातचीत करके न्यू अमन नगर में कल वीरवार को ही नया बिजली ट्रांस्फार्मर लगवाने की घोषणा की। वहीं टूटी सडकों की समस्या का समाधान भी एक सप्ताह में नगर-निगम अधिकारियो को करने के आदेश दिए। अमन बग्गा ने विधानसभा उतरी में विधायक बग्गा के नेतृत्व में करवाए विकास व चल रहे प्रौजैक्टों की जानकारी देते हुए कहा विकास ही बिना किसी भेदभाव क्षेत्र का विकास ही बग्गा परिवार का एकमात्र मकसद है। इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित महिला शक्ति व स्थानीय लोगो ने विधायक मदन लाल बग्गा व पार्षद अमन बग्गा की तरफ से मौके पर ही बिजली ट्रांस्फारर्मर की व्यवस्था करने व एक सप्ताह में सडकों का निर्माण शुरू करवाने पर धन्यवाद किया। इस अवसर पर नगर-निगम, पंजाब स्टेट पावर काम सहित अन्य विभागो के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# भाजपा चंडीगढ़ के विभिन्न मोर्चों द्वारा 'बजट संवाद' का आयोजन

चंडीगढ़, यूटर्न, 18 फरवरी। भाजपा चंडीगढ़ के ओबीसी, एससी, किसान एवं अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा संयुक्त रूप से 'बजट संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं और नागरिकों ने भाग लेकर केंद्रीय बजट तथा उसके विभिन्न वर्गों पर प्रभाव को लेकर विस्तृत चर्चा की। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने कहा कि यह 'कर्तव्य बजट' समाज के हर वर्ग—किसान, युवा, महिला, उद्यमी और वंचित समुदाय—को संतुलित प्राथमिकता देता है। उन्होंने नागरिकों से विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

प्रदेश मुख्य प्रवक्ता डॉ. धीरेंद्र तायल ने कहा कि 2014 से केंद्र सरकार अंत्योदय की भावना से अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्री-बजट टैक्स राहत को मध्यम वर्ग के लिए लाभकारी कदम बताया। प्रदेश संयोजक (आर्थिक प्रकोष्ठ) नवीन सोनी ने बजट में अधोसंरचना विकास, सड़क-रेल विस्तार और रोजगार सृजन की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम संयोजक राज किशोर की उपस्थिति भी रही। संचालन मोर्चा अध्यक्षों—नाजिम खान, अमित खैरवाल, मंदीप सिंह और सतपाल वर्मा—ने किया। अंत में समावेशी विकास के संकल्प के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।






# इंडियन रूफ्ड टर्टल की अवैध बिक्री का भंडाफोड़, युवक रंगे हाथों गिरफ्तार

## 2 हजार रुपये में बेच रहा था संरक्षित प्रजाति का कछुआ, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 18 फरवरी। शहर में संरक्षित वन्यजीवों की तस्करी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। वन एवं वन्यजीव विभाग ने दुर्लभ प्रजाति के इंडियन रूफ्ड टृटल (इंडियन रूफ्ड टर्टल) की अवैध बिक्री के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी की पहचान लवप्रीत धीमान के रूप में हुई है। उसके खिलाफ चंडीगढ़ पुलिस के थाना सेक्टर-36 में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।





### शिकायत के बाद हुई संयुक्त कार्रवाई

जानकारी के अनुसार पीपल For एनिमल्स (पीएफए) ने वन एवं वन्यजीव विभाग को शिकायत दी थी कि शहर में संरक्षित कछुओं की अवैध खरीद-फरोख्त की जा रही है। शिकायत के आधार पर मामला पुलिस को सौंपा गया।

वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने कजहेड़ी क्षेत्र में ट्रैप लगाकर आरोपी को 2000 रुपये में कछुआ बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। मौके से इंडियन रूफ्ड टर्टल को बरामद कर सुरक्षित संरक्षण में लिया गया। इंडियन रूफ्ड टर्टल भारत में पाई जाने वाली एक संरक्षित मीठे पानी की कछुआ प्रजाति है, जिसकी अवैध बिक्री और तस्करी पर कड़ी सजा का प्रावधान है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत दोषी पाए जाने पर जेल और भारी जुर्माना हो सकता है।

वन विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वन्यजीवों की अवैध खरीद-फरोख्त एक संगीन अपराध है और ऐसे मामलों में शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जाएगी। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी यह कछुआ कहां से लाया और क्या इसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क सक्रिय है। विभाग ने आम जनता से भी अपील की है कि वन्यजीवों की अवैध बिक्री की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।शहर में बढ़ते वन्यजीव अपराधों के बीच यह कार्रवाई एक अहम संदेश मानी जा रही है।

# बेटा देखभाल न करे तो क्या वापस मिल सकती है संपत्ति? हाईकोर्ट ने स्पष्ट की कानूनी स्थिति

चंडीगढ़, यूटर्न, 18 फरवरी। पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में साफ किया है कि यदि माता-पिता या वरिष्ठ नागरिक अपनी संपत्ति संतान के नाम इस शर्त पर ट्रांसफर नहीं करते कि बदले में उनका भरण-पोषण होगा, तो बाद में केवल देखभाल न करने के आधार पर ट्रांसफर स्वतः रद्द नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति कुलदीप तिवारी की एकल पीठ ने जींद निवासी वरिष्ठ नागरिक शिव कुमार की याचिका खारिज करते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 की धारा 23 तभी लागू होगी, जब संपत्ति का हस्तांतरण स्पष्ट रूप से गुजारा भत्ता या देखभाल की शर्त से जुड़ा हो।




याचिकाकर्ता का आरोप था कि वर्ष 2018 में उनके बेटे ने कथित रूप से बहला-फुसलाकर मकान और दुकान अपने नाम रिलीज डीड के जरिए ट्रांसफर करा ली। बाद में बेटे का व्यवहार बदल गया और उचित देखभाल नहीं की गई। इस आधार पर उन्होंने ट्रांसफर डीड को शून्य घोषित करने की मांग की।

राज्य सरकार और अन्य पक्षों की दलीलों पर विचार करते हुए अदालत ने पाया कि संबंधित रिलीज डीड में कहीं भी यह उल्लेख नहीं था कि संपत्ति का हस्तांतरण भरण-पोषण की शर्त पर किया गया है। ऐसे में धारा 23 के तहत इसे निरस्त नहीं किया जा सकता।

हालांकि अदालत ने बेटे को पहले तय गुजारा भत्ते की पूरी बकाया राशि आठ समान मासिक किस्तों में अदा करने का निर्देश दिया।

**सिविल कोर्ट में भी मामला लंबित**...अदालत के समक्ष यह भी बताया गया कि याचिकाकर्ता पहले ही ट्रांसफर को धोखाधड़ी करार देते हुए सिविल कोर्ट में वाद दायर कर चुके हैं, जो अभी विचाराधीन है। ऐसे में उस पहलू पर निर्णय सिविल अदालत करेगी।

# 2019 चंडीगढ़ प्रॉपर्टी डीलर मर्डर केस में लॉरेंस बिश्नोई बरी



चंडीगढ़/यूटर्न/18 फरवरी। एक लोकल कोर्ट ने चंडीगढ़ में प्रॉपर्टी डीलर सोनू शाह के सात साल पुराने मर्डर केस में लॉरेंस बिश्नोई को बरी कर दिया है, जबकि तीन अन्य राजन उर्फ जाट, मंजीत और शुभम प्रजापतई को दोषी ठहराया है। कोर्ट 20 फरवरी को सजा सुनाएगी। सोनू शाह को कथित तौर पर 28 सितंबर, 2019 को सेक्टर 45 के बुरैल गांव में उनके ऑफिस के अंदर हमलावरों ने गोली मार दी थी। उनके दो साथी, जोगिंदर पहलवान और रोमी, फायरिंग में घायल हो गए थे। पुलिस ने दावा किया कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के कहने पर सोनू शाह की हत्या की गई थी।

### आरोप साबित नहीं हो सके

प्रॉसिक्यूशन बिश्नोई और पांच अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप साबित करने में नाकाम रहा, जिससे उन्हें बरी कर दिया गया। कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 (हत्या), 307 (हत्या की कोशिश), और 120-इ (आपराधिक साजिश) और आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत आरोप तय किए। लॉरेंस बिश्नोई को सबूतों की कमी के कारण कई मामलों में बरी कर दिया गया है, जिसमें जबरन वसूली का मामला और आर्म्स एक्ट का मामला शामिल है। वह सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या सहित कई मामलों में ट्रायल का सामना कर रहा है।

# सेक्टर-49 थाना एसएचओ ओमप्रकाश लाइन हाजिर, शिकायत पर डीजीपी ने की कार्रवाई

चंडीगढ़, यूटर्न, 18 फरवरी। शिकायत के आधार पर सेक्टर-49 थाना में तैनात एसएचओ ओमप्रकाश के खिलाफ बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। डीजीपी के आदेश पर ओमप्रकाश को लाइन हाजिर कर दिया गया है। इंस्पेक्टर ओमप्रकाश सेक्टर-49 थाने में बतौर एसएचओ कार्यरत थे। उनके खिलाफ मिली शिकायत की प्राथमिक जांच के बाद उच्चाधिकारियों ने कार्रवाई को उचित माना और तत्काल प्रभाव से उन्हें लाइन हाजिर करने के निर्देश दिए। हालांकि पुलिस विभाग की ओर से शिकायत के बिंदुओं को लेकर आधिकारिक तौर पर विस्तृत जानकारी साझा नहीं की गई है, लेकिन बताया जा रहा है कि मामले की आंतरिक जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद आगे की विभागीय कार्रवाई तय की जाएगी। पुलिस का कहना है कि शिकायतों पर निष्पक्ष कार्रवाई की नीति के तहत यह कदम उठाया गया है और किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



Uturn Time 19 Feb 2026_Layout 2 19-02-2026 00:08 Page 9



## पंजाब के निहंग ने गैंगस्टर लॉरेंस से मदद मांगी, कहा- बीजेपी जॉइन करने पर हमले हो रहे

पंजाब/यूटर्न/18 फरवरी। पंजाब के निहंग बाबा सतनाम सिंह ने गैंगस्टर लॉरेंस से मदद मांगी है। वीडियो जारी कर सतनाम सिंह ने



लॉरेंस से कहा- अपना कोई भी आदमी मेरे पास भेज दो। इखढ जॉइन करने के बाद मुझ पर 2 बार हमला हो चुका है। आईएसई से मिले कई कट्टरपंथी सिख मुझे मरवाना चाहते हैं। सतनाम सिंह ने कहा- मेरे खिलाफ ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्योंकि मैं सनातन की बात करता हूं। मैंने भाजपा जॉइन की है। मैं निहंग सिंह बाबा हरजीत सिंह रसूलपुर का समर्थन करता हूं। इस कारण कई जत्थेबंदियां मेरा विरोध कर रही हैं। वहीं, निहंग सिंह को धमकी देने वाले निहंग मान सिंह बुड्ढा दल वालों ने लॉरेंस से मदद मांगने पर कहा कि हरजीत सिंह तुम डर गए हो। अब क्यों डर रहे हो? हमने तो पहले ही कहा था कि सही तरीके से चलो। बता दें कि मोगा के चड़िक गांव से संबंधित सतनाम सिंह निहंग रसूलपुर का खुलकर समर्थन करते हैं। बीते दिनों दोनों ने चंडीगढ़ में हुए कथा समारोह में हिस्सा लेकर हवन भी किया था, जिसका भी सिख जत्थेबंदियों ने विरोध किया था।

## सिद्धू मूसेवाला की रेकी करने वाला कबूतर गिरफ्तार, शूटर के साथ आया था लॉरेंस का गुर्गा

पंजाब/यूटर्न/18 फरवरी। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने गैंगस्टर बॉबी कबूतर को गिरफ्तार किया है। उसे गुरुग्राम से अरेस्ट किया गया




है। दिल्ली पुलिस की जांच के मुताबिक बॉबी कबूतर ने पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के लिए रेकी की थी। आरोपी मूसेवाला के कत्ल के लिए आए शूटर शाहरूख के टच में था। हालांकि बाद में मूसेवाला के अङ-47 वाले गनमैन देखकर शाहरुख ने कत्ल से इनकार कर दिया था। इसके बाद पंजाब व हरियाणा के शूटर्स के जरिए लॉरेंस गैंग ने सिद्धू मूसेवाला का कत्ल कराया था।

## सीएम भगवंत मान से अस्पताल में मिले सिसोदिया, सेहत में सुधार

पंजाब/यूटर्न/18 फरवरी। मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती पंजाब के सीएम भगवंत मान से मिलने के लिए बुधवार आम आदमी पार्टी के प्रभारी मनीष सिसोदिया पहुंचे। इस दौरान अस्पताल से जाते



हुए मीडिया से बातचीत में कहा कि सीएम मान अब ठीक हैं। उनकी सेहत में काफी सुधार है। जब मीडिया ने सवाल किया डिस्चार्ज कब तक होंगे, तो इस पर सिसोदिया ने कहा, मेरी अभी तक डॉक्टर से मुलाकात नहीं हुई है, इसलिए कुछ कहना मुश्किल है। आज तो मुझे नहीं लगता कि डिस्चार्ज होंगे, लेकिन संभव है कि कल तक हो जाए। इसके बाद मीडिया ने सवाल किया कि बठिंडा में किसानों और पुलिस के बीच झड़प हुई है और किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए हैं। इस पर उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है इसके बाद कैबिनेट विस्तार और डिप्टी सीएम को लेकर चर्चा पर उन्होंने कहा, ह्नअभी तो एआई समिट चल रही है। पूरे देश में उसका मजाक बन रहा है। पत्रकारों ने सवाल किया कि चीफ सेक्रेटरी केएपी. सिन्हा भी आए थे और आप भी यहां पहुंचे थे, क्या कोई मीटिंग थी? इस सवाल पर सिसोदिया ने कहा, मैं तो सिर्फ हालचाल पूछने आया था। वे मेरे दोस्त हैं।

# अमृतसर कस्टम्स की अवैध तस्करी पर सख्त कार्रवाई, 67.83 लाख रुपये की 4 लाख से ज्यादा विदेशी सिगरेट स्टिक्स नष्ट कीं

अमृतसर/यूटर्न/18 फरवरी। अमृतसर कस्टम्स (प्रिवेंटिव) कमिश्नरेट ने अवैध व्यापार पर सख्त प्रहार करते हुए जब्त की गई विदेशी मूल की 4 लाख 2 हजार 8 सौ सिगरेट स्टिक्स को पूरी तरह नष्ट कर दिया। इन सिगरेटों की अनुमानित कीमत लगभग 67.83 लाख रुपय आंकी गई है। अधिकारियों के मुताबिक, यह सिगरेटें अलग-अलग कार्रवाई के दौरान बरामद की गई थीं। जिन्हें अब पूरी तरह से नियमों के अनुसार और पर्यावरण मानकों का पालन करते हुए इंसीनरेशन यानी नियंत्रित तरीके से जलाकर नष्ट किया गया। विभाग ने स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और निर्धारित सरकारी दिशानिर्देशों के तहत पूरा किया गया, ताकि किसी भी प्रकार की पर्यावरणीय हानि न हो और कानून का सख्ती से पालन हो सके।



### तस्करी से राजस्व और युवाओं को खतरा

कस्टम्स अधिकारियों ने कहा कि तस्करी के जरिए देश में लाए जा रहे विदेशी सिगरेटों से सरकार को भारी राजस्व नुकसान होता है और यह गैरकानूनी कारोबार युवाओं के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। इसलिए विभाग लगातार निगरानी बढ़ा रहा है और सीमा क्षेत्रों तथा ट्रांजिट पॉइंट्स पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। विभाग ने यह भी चेतावनी दी कि तस्करी या अवैध कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कस्टम्स (प्रिवेंटिव) कमिश्नरेट, अमृतसर ने लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचना दें, ताकि तस्करी पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

# जालंधर में पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़, कौशल चौधरी गैंग का शूटरआकाश जख्मी

जालंधर/यूटर्न/18 फरवरी। जालंधर में बुधवार को पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। फोलड़ीवाल इलाके में हुई कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कौशल चौधरी गैंग के शूटर को गिरफ्तार कर लिया। इस जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिससे वह घायल हो गया। इस मामले की जानकारी देते हुए सीपी धनप्रीत कौर ने बताया की पुलिस के द्वारा नाकेबंदी की गई थी। इस दौरान बाइक पर सवार होकर नरेंदर उर्फ आकाश को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन आरोपी ने बाइक भगा ली। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी का पीछा किया और आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जिसके बाद पुलिस की ओर से भी फायरिंग की गई। इस दौरान बाइक फिसलने के दौरान आरोपी गिरकर जख्मी हो गया। आरोपी को उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया।



### पीओ है एक आरोपी

सीपी ने कहाकि आरोपी 2 मामलों में पीओ है। गोराया में आरोपी के खिलाफ 2 एफआईआर दर्ज हुई थी, जिसमें आरोपी की तलाश जारी थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कई वारदातों में शामिल आरोपी जालंधर के फोलड़ीवाल इलाके में छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर जब पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को घेरकर काबू करने की कोशिश की, तो उसने आत्मसमर्पण करने के बजाय पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस ने भी जबावी कार्रवाई की। जिसमें शूटर आकाश के पैर में गोली लग गई।

### पुलिस की जवाबी कार्रवाई

इस मुठभेड़ में आरोपी घायल हो गया, आरोपी की पहचान आकाश के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है।

पुलिस कार्रवाई में पकड़ा गया शूटर आकाश कौशल चौधरी गैंग से जुड़ा हुआ है। शुरूआती जांच में पता चला है कि वह कुछ दिन पहले मोहाली में हुए जिम मालिक के मर्डर के मामले में मुख्य रूप से शामिल था। इस हत्या की इस वारदात के बाद से ही पुलिस को शूटर की तलाश कर रही थी।

## वारिस पंजाब दे पार्टी की विशाल सभा, तरसेम सिंह बोले- बंदी सिखों के साथ कानून के नाम पर अन्याय

अमृतसर/यूटर्न/18 फरवरी। अमृतसर के तरनतारन रोड पर अकाली दल वारिस पंजाब पार्टी की ओर से एक विशाल सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर खडूर साहिब से सांसद और डिब्रूगढ़ जेल में बंद अमृतपाल सिंह के पिता तरसेम सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। सभा के दौरान पंजाब के मौजूदा हालात और बंदी सिखों के मुद्दे पर खुलकर चर्चा की गई। मीडिया से बातचीत करते हुए तरसेम सिंह ने कहा कि यह इकट्ठ पंजाब की स्थिति पर गंभीर विचार-विमर्श करने और पंजाबी कौम को एक मंच पर एकजुट करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। तरसेम सिंह ने कहा कि भले ही अन्य कार्यक्रम भी तय थे, लेकिन




पंजाब के अहम मुद्दों को जनता तक पहुंचाना ज्यादा जरूरी समझा गया। उनका कहना था कि बंदी सिखों के मामले में सरकार की भूमिका निराशाजनक है। तरसेम सिंह ने आरोप लगाया कि जिन सिख बंदियों ने अपनी सजा पूरी कर ली है, उन्हें भी रिहा नहीं किया जा रहा। उन्होंने कहा कि यह कानून के नाम पर अन्याय है। उन्होंने केंद्र सरकार और पहले दिल्ली में रही आम आदमी पार्टी की सरकार पर भी सवाल उठाए और कहा कि दोनों ही खुद को सिखों का हितैषी बताते हैं, लेकिन व्यवहार में ऐसा दिखाई नहीं देता।

Celebrate your Birthday or Anniversary with UTURN TIME in association with

Hot Breads
0161-4603333, 5012222



2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW
T&C

FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

# ईसी ने 16 मार्च को 37 सीटों के लिए राज्यसभा चुनाव की घोषणा की, क्योंकि बड़े नेताओं का कार्यकाल खत्म होने वाला है

चंडीगढ़/यूटर्न/18 फरवरी। इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) ने राज्यसभा की 37 सीटों को भरने के लिए हर दो साल में होने वाले चुनावों की घोषणा की है, जिनके लिए 16 मार्च को वोटिंग होनी है। ये सीटें 10 राज्यों में फैली हुई हैं, जिनमें हरियाणा की दो और



हिमाचल प्रदेश की एक सीट शामिल है। इन सदस्यों का कार्यकाल अप्रैल 2026 में खत्म होने वाला है। हरियाणा में, बीजेपी नेता किरण चौधरी और राम चंदर जांगड़ा 9 अप्रैल को रिटायर होंगे, जबकि हिमाचल प्रदेश में, इंदु बाला गोस्वामी का कार्यकाल उसी दिन खत्म हो जाएगा।

# किला रायपुर ग्रामीण ओलंपिक में 12 साल बाद गूंजी बैलगाड़ी दौड़





चंडीगढ़/किला रायपुर (लुधियाना), 18 फरवरी। किला रायपुर ग्रामीण ओलंपिक 2026 के दूसरे दिन ऐतिहासिक बैलगाड़ी दौड़ों की वापसी ने पूरे मैदान को उत्साह से भर दिया। 12 साल बाद दोबारा शुरू हुई इस पारंपरिक प्रतियोगिता को देखने हजारों लोग स्टेडियम में जुटे और जयकारों से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। पंजाब



विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने इसे ऐतिहासिक मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह पंजाब पशु क्रूरता निवारण (संशोधन) अधिनियम 2025 के तहत संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण खेल युवाओं को नशे और डिजिटल भटकाव से दूर कर उनकी जड़ों से जोड़ते हैं।

स्टेट मीडिया हेड बलतेज पन्नू ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के विजन के तहत ग्रामीण खेलों को नया जीवन मिला है। दूसरे दिन हॉकी, कबड्डी, 100 मीटर दौड़, शॉट पुट, लंबी कूद और रस्साकशी समेत कई प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# सीटी यूनिवर्सिटी में बीबीए की स्टूडेंट दूसरी मंजिल से गिरी, हुई मौत





रेलिंग पर बैठते शबनम की फुटेज आई सामने

लुधियाना/यूटर्न/18 फरवरी। लुधियाना के जगराओं स्थित सीटी यूनिवर्सिटी में लिफ्ट के इंतजार में रेलिंग पर बैठने लगी एक स्टूडेंट युवती अचानक संतुलन बिगड़ने से गिर गई। जिस कारण वह दूसरी मंजिल से नीचे जमीन पर जा गिरी। जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि युवती को साथी स्टूडेंट लड़की ने पकड़ने की कोशिश की। लेकिन वह पकड़ नहीं सकी। मृतका की पहचान लुधियाना की शबनम खातून के नाम से हुई। मृतका की दो बहनों और दो भाई हैं। वह बीबीए फर्स्ट ईयर में पढ़ती थी। मामले की सूचना मिलने पर जगराओं पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार रोजाना की तरह शबनम बुधवार को कॉलेज आई थी। इस दौरान वह नीचे जाने के लिए लिफ्ट का इंतजार कर रही थी। इंतजार करते हुए वे सीढ़ियों पर बनी रेलिंग के पास खड़ गई। जिसके बाद रेलिंग पर बैठने लगी तो अचानक असंतुलित होकर नीचे जा गिरी। हादसे में उसे गंभीर चोटें आई। घटना के तुरंत बाद यूनिवर्सिटी स्टाफ ने छात्रा को उठाकर लुधियाना के एक अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें शबनम गिरती हुई नजर आ रही है।

# जीरकपुर में इंसानियत शर्मसार - 22 पिल्लों को जहर मिले लड्डू खिलाकर मारने की कोशिश, 5 से 7 की मौत

जीरकपुर, यूटर्न, 18 फरवरी। शहर से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला एक दर्दनाक मामला सामने आया है। यहां करीब 22 छोटे पिल्लों को कथित तौर पर जान से मारने की नीयत से लड्डुओं में जहर मिलाकर खिला दिया गया। जहरीले लड्डू खाने के बाद 5 से 7 पिल्लों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य पिल्लों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना की जानकारी मिलते ही विभिन्न एनजीओ और एनिमल रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंच गई। पशु चिकित्सकों की टीम ने गंभीर अवस्था में पड़े पिल्लों का तत्काल उपचार शुरू किया। कई पिल्लों को आपातकालीन उपचार देकर उनकी जान बचाने की कोशिश की जा रही है।

सूचना मिलने पर जीरकपुर



पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। एनिमल रेस्क्यू टीम के सदस्यों ने लिखित शिकायत देकर आरोपी की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपी की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

इस घटना के बाद शहर के डॉग लवर्स और सामाजिक संगठनों में भारी रोष है। विभिन्न एनजीओ ने दोषी को तुरंत गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने की मांग की है। यह घटना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इंसानियत पर भी एक बड़ा सवाल खड़ा करती है। अब देखना होगा कि पुलिस आरोपी तक कितनी जल्दी पहुंचती है और मासूम जानों को कब इंसाफ मिल पाता है।

**यहाँ आपका टेक्स्ट थोड़ा संपादित और बेहतर रूप में तैयार कर दिया गया है**

एनजीओ (रब दे जीव) ने स्थानीय लोगों की मदद से वहीं एक अस्थाई अस्पताल तैयार किया, जहां बीमार पिल्लों का तुरंत उपचार शुरू किया गया। इलाज के दौरान पिल्लों को एंटीबायोटिक, पेन किलर और अन्य जरूरी जीवनरक्षक दवाइयां मौके पर ही मुहैया कराई गई। कई घंटों तक स्वयंसेवक पिल्लों की देखरेख में जुटे रहे। एनजीओ (रब दे जीव) के सदस्यों ने बताया कि मासूमों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

# बलटाना रेलवे फाटक पर अंडरपास को लेकर बढ़ी उम्मीद, राज्यसभा सदस्य सतनाम सिंह संधू ने लिया जायजा

## सालों पुरानी ट्रैफिक समस्या का मिल सकता है समाधान, बलटाना रेलवे फाटक पर अंडरपास की तैयारी तेज




जीरकपुर, यूटर्न, 18 फरवरी। जीरकपुर के बलटाना रेलवे फाटक पर लंबे समय से चल रही ट्रैफिक समस्या के समाधान की उम्मीद एक बार फिर मजबूत होती नजर आ रही है। राज्यसभा सदस्य सतनाम सिंह संधू खुद मौके पर पहुंचे और फाटक की मौजूदा स्थिति का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत की और उनकी परेशानियों को सुना। उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों से इस समस्या को नजरअंदाज किया जाता रहा है, लेकिन अब ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बलटाना रेलवे फाटक पर अंडरपास बनाने को लेकर केंद्र सरकार के साथ गंभीर बातचीत चल रही है और जल्द ही इस संबंध में ठोस फैसला लिया जा सकता है।

गौरतलब है कि बलटाना और आसपास के इलाकों के लोगों के लिए यह रास्ता चंडीगढ़ आने-जाने का मुख्य मार्ग है।



रोजाना इस रेलवे ट्रैक से 50 से ज्यादा ट्रेनें गुजरने के कारण फाटक लंबे समय तक बंद रहता है, जिससे भारी ट्रैफिक जाम लग जाता है। फाटक बंद होने के दौरान स्कूली बच्चे, नौकरीपेशा लोग और इमरजेंसी सेवाएं भी लंबे समय तक जाम में फंसी रहती हैं। कई बार मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में भी देरी हो जाती है, जिससे लोगों में काफी नाराजगी रही है। राज्यसभा सदस्य के दौरे के बाद अब इलाके के लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही अंडरपास का काम शुरू होगा और सालों पुरानी ट्रैफिक समस्या से राहत मिलेगी।

# सड़क किनारे अतिक्रमण के खिलाफ नगर परिषदझ्र ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, सामान जब्त





चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/18 फरवरी। शहर में बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से आज नगर परिषद और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान तहबाजारी शाखा की टीम ने ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से सड़क पर रखे गए दुकानदारों के सामान को जब्त किया तथा कई व्यापारियों को कड़ी चेतावनी भी दी गई। जैसे ही संयुक्त टीमें बाजारों में पहुंचीं, दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदारों ने आनन-फानन में अपनी दुकानों के बाहर रखा सामान समेटना शुरू कर दिया। हालांकि कार्रवाई पूरी कर टीमों के लौटते ही कुछ समय बाद हालात फिर पहले जैसे नजर आने लगे और कई स्थानों पर दोबारा सामान सड़क पर सजा दिखाई दिया। इस कार्रवाई के दौरान यह आरोप भी सामने आए कि नगर परिषद की टीम ने मुख्य मार्ग के आसपास किए गए कुछ अतिक्रमणों को नजरअंदाज किया। न तो कार्रवाई के समय और न ही वापसी के दौरान उन स्थानों पर सख्ती दिखाई गई। पत्रकारों द्वारा इस संबंध में पूछे गए सवालों पर अधिकारियों ने कहा कि कुछ दुकानदारों को सख्त चेतावनी देकर छोड़ा गया है और उन्हें भविष्य में सामान दुकान के भीतर रखने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं दूसरी ओर कई दुकानदारों का सामान बिना पूर्व सूचना के जब्त कर लिया गया, जिससे कुछ व्यापारियों में नाराजगी भी देखी गई। नगर परिषद के अधिकारियों ने मीडिया से बातचीत में बताया कि यह अभियान आगामी 10 से 12 दिनों तक लगातार जारी रहेगा, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु और व्यवस्थित बनाया जा सके।

# 24 घंटे में हत्या की गुत्थी सुलझी, तीन आरोपी गिरफ्तार



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/18 फरवरी। जिला लुधियाना (देहात) पुलिस ने 24 घंटे के भीतर हत्या के मामले को सुलझाते हुए तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी डीएसपी वरिंदर सिंह खोसा ने प्रेस नोट जारी कर दी। 16 फरवरी को 112 हेल्पलाइन पर सूचना मिली कि गांव सहजाद के पास एक सुनसान कॉलोनी में एक अज्ञात युवक मृत अवस्था में पड़ा है। मौके पर जांच के दौरान तेजधार हथियार से वार के निशान पाए गए। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया। जांच में मृतक की पहचान नेपाल मूल के व्यक्ति के रूप में हुई, जो लुधियाना में विवाह समारोहों में रसोइए का कार्य करता था। जांच में सामने आया कि सड़क दुर्घटना के बाद कार सवार तीन व्यक्तियों ने उसे उपचार के बहाने वाहन में बैठाया और सुनसान स्थान पर छोड़ दिया। पुलिस ने युद्धवीर सिंह, सुरिंदरपाल सिंह व सुरजीत कौर निवासी लोधीपुर, जिला शहीद भगत सिंह नगर को 17 फरवरी को विधि अनुसार गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त आई-20 कार कब्जे में ले ली गई है।



Katrina Kaif

Uturn Time 19 Feb 2026_Layout 2 19-02-2026 00:08 Page 12



# पीएम मोदी 19 फरवरी को भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का उद्घाटन करेंगे, पिचाई से भी मुलाकात हुई

**चंडीगढ़/यूटर्न/18 फरवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 फरवरी को नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का दौरा करेंगे और उसका उद्घाटन करेंगे। इससे पहले, 18 फरवरी को शाम करीब 7 बजे, प्रधानमंत्री भारत मंडपम में समिट में हिस्सा लेने वाले अलग-अलग देशों के लीडर्स का स्वागत किया। इसके अलावा, प्रधानमंत्री समिट में शामिल होने वाले दुनिया के कई लीडर्स के साथ द्विपक्षीय मुलाकात भी करेंगे। 19 फरवरी को, प्रधानमंत्री सुबह करीब 9:40 बजे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की ओपनिंग सेरेमनी में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री के साथ, ओपनिंग सेरेमनी को फ्रांस के प्रेसिडेंट, यूनाइटेड नेशंस के सेक्रेटरी-जनरल और दुनिया भर के कई टॉप इंडस्ट्री लीडर्स भी बताएंगे। इसके बाद, दूसरे लीडर्स के साथ सुबह करीब 11 बजे इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का दौरा होगा, जहाँ वे अलग-अलग देशों के पवेलियन देखेंगे।





## दोपहर को लीडर्स प्लेनरी में लेंगे हिस्सा

इसके बाद प्रधानमंत्री दोपहर करीब 12 बजे होने वाली लीडर्स प्लेनरी में हिस्सा लेंगे। इसमें एआई पर नेशनल और ग्लोबल प्रायोरिटीज, जिसमें गवर्नेंस, इंफ्रास्ट्रक्चर और इंटरनेशनल कोऑपरेशन शामिल हैं, को आउटलाइन करने के लिए हेड्स ऑफ स्टेट, मिनिस्टर्स और मल्टीलेटरल इंस्टीट्यूशन्स के सीनियर रिप्रेजेंटेटिव्स एक साथ आएंगे। इसके बाद, प्रधानमंत्री शाम 5 :30 बजे से सीईओ राउंडटेबल में हिस्सा लेंगे। इसमें ग्लोबल टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्री के सीनियर एग्जीक्यूटिव्स को सरकारी लीडरशिप के साथ इन्वेस्टमेंट, रिसर्च कोलैबोरेशन, सप्लाई चेन्स और एआई सिस्टम्स के डिप्लॉयमेंट पर चर्चा करने के लिए बुलाया जाएगा।

## समिट का मकसद भारत को एआई फील्ड में लीडर बनाना

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की थीम है सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय यानी सबका कल्याण, सबकी खुशी। इसका मकसद भारत को एआई के फील्ड में लीडर बनाना है और एक ऐसे भविष्य की कल्पना करना है जहाँ एआई इंसानियत को आगे बढ़ाए, सबको साथ लेकर चलने वाले विकास को बढ़ावा दे और हमारे ग्रह की सुरक्षा करे।

## समित में सात वर्किंग ग्रुप

इस समिट में सात वर्किंग ग्रुप हैं, जो तीन पिलर पर आधारित हैं : लोग, ग्रह और तरक्की। ये ग्रुप अलग-अलग सेक्टर में एआई के असर को दिखाए हुए ठोस नतीजे देने पर काम करेंगे। सात थीम हैं : आर्थिक विकास और सामाजिक भलाई के लिए एआई; एआई रिसोर्सेज का डेमोक्रेटाइजेशन; सोशल एम्पावरमेंट के लिए इन्क्लूजन; सुरक्षित और भरोसेमंद एआई; मानव कैपिटल; साइंस; रेजिलियंस, बढ़ना और एफिशिएंसी।

## 500 से ज्यादा ग्लोबल एआई लीडर्स शामिल होंगे

इस समिट में 500 से ज्यादा ग्लोबल एआई लीडर्स शामिल होंगे, जिनमें सीईओज/सीएक्सओज, लगभग 100 सीईओज और फाउंडर्स, 150 एकेडमिक और रिसर्चर्स, और 400 सीटीओज, वीपीज और फिलैंथ्रोपिस्ट शामिल हैं। इसमें 100 से ज्यादा सरकारी रिप्रेजेंटेटिव भी शामिल होंगे, जिनमें 20 से ज्यादा हेड्स ऑफ स्टेट और गवर्नमेंट और लगभग 60 मिनिस्टर्स और वाइस मिनिस्टर्स शामिल हैं।

## पीएम ने सुंदर पिचाई से मुलाकात की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के मौके पर गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई से भी मुलाकात की। एक्स पर मीटिंग की जानकारी शेयर करते हुए मोदी ने कहा, दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट के मौके पर मिस्टर सुंदर पिचाई से मिलकर बहुत खुशी हुई। एआई में भारत जो काम कर रहा है और गूगल इस फील्ड में हमारे टैलेंटेड स्टूडेंट्स और प्रोफेशनल्स के साथ कैसे काम कर सकता है, इस बारे में बात की। पिचाई, जो समिट में शामिल होने के लिए भारत आए हैं और 20 फरवरी को कीनोट एड्रेस देंगे, उन्होंने देश वापस आने पर अपनी एक्साइटमेंट भी जाहिर की। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत वापस आकर अच्छा लगा - हमेशा की तरह बहुत गर्मजोशी से स्वागत हुआ और पेपर्स भी बहुत अच्छे लग रहे थे।

# इस बार पीएम मोदी और फ्रेंच प्रेसिडेंट मैक्रों ने कार राइड की फोटो शेयर की, पहले रूसी प्रेसिडेंट संग फोटो आई थी सामने

**चंडीगढ़/यूटर्न/18 फरवरी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने हाई-लेवल बाइलेटरल बातचीत के बाद फ्रेंच प्रेसिडेंट इमैनुएल मैक्रों के साथ कार राइड की, यह एक सिंबॉलिक इशारा था जिसने भारत और फ्रांस के बीच स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को आकार देने वाली गर्मजोशी और पर्सनल केमिस्ट्री को दिखाया।

दोनों नेताओं को अपनी मीटिंग की जगह से इंडिया-फ्रांस इनोवेशन फोरम तक एक साथ जाते देखा गया, जहां उन्होंने बिजनेस लीडर्स, टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योर्स और पॉलिसीमेकर्स को एक साथ संबोधित किया। शेयर की गई इस राइड के अनस्क्रिप्टेड ऑप्टिक्स लीडर्स अगल-बगल बैठे, बातचीत में लगे हुए, ने तुरंत ध्यान खींचा, जिससे यह मैसेज और पक्का हो गया कि नई दिल्ली और पेरिस के बीच रिश्ते फॉर्मल एग्रीमेंट्स से आगे बढ़कर भरोसे और पर्सनल तालमेल पर बने रिश्ते हैं।



## को-डेवलपमेंट और को-प्रोडक्शन पर जोर

इनोवेशन फोरम ने खुद उभरती टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लीन एनर्जी, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और एडवांस्ड रिसर्च में कोलेबोरेशन पर फोकस किया। दोनों पक्षों ने को-डेवलपमेंट और को-प्रोडक्शन पर जोर दिया, खासकर एयरोस्पेस, जरूरी मिनरल्स, सेमीकंडक्टर और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे सेक्टर्स में। अधिकारियों ने पार्टनरशिप के मौजूदा फेज को बदलती ग्लोबल जियोपॉलिटिक्स के बीच 'स्ट्रेटेजिक कन्वर्जेंस' वाला बताया।

## नए इन्वेस्टमेंट प्रपोजल्स पर प्रोग्रेस का रिव्यू

दिन में पहले, डेलीगेशन-लेवल की बातचीत में डिफेंस प्रोक्योरमेंट, इंडो-पैसिफिक कोऑपरेशन, क्लाइमेट कमिटमेंट्स और स्पेस कोलैबोरेशन पर बात हुई। फ्रांस लंबे समय से भारत के सबसे लगातार डिफेंस पार्टनर्स में से एक रहा है, जो एडवांस्ड फाइटर एयरक्राफ्ट और नेवल इक्विपमेंट सप्लाई करता है, साथ ही भारत के घरेलू प्रोडक्शन इनिशिएटिव्स के तहत मैन्युफैक्चरिंग में ज्यादा सेल्फ-रिलाएंस के लिए भारत की कोशिशों का भी सपोर्ट करता है। खबर है कि बातचीत में जॉइंट वेंचर्स और हाई-टेक्नोलॉजी सेक्टर्स में नए इन्वेस्टमेंट प्रपोजल्स पर प्रोग्रेस का रिव्यू किया गया।

## भारत-रूस रिश्तों में कम्फर्ट का मैसेज

शेयर्ड ड्राइव का सिंबॉलिज्म देखने वालों से छिपा नहीं था। पीएम मोदी ने पहले भी ग्लोबल लीडर्स के साथ डिप्लोमैटिक गर्मजोशी दिखाने के लिए ऐसे ही जेस्चर्स का इस्तेमाल किया है। इसका एक खास उदाहरण रूस के प्रेसिडेंट व्लादिमीर पुतिन के रूस दौरे के दौरान उनके साथ उनकी इनफॉर्मल कार राइड थी। इंटरनेशनल मीडिया में बड़े पैमाने पर सकुर्लेट हुई उस बातचीत ने ग्लोबल टेंशन के बावजूद भारत-रूस रिश्तों में कंटिन्यूटी और पर्सनल कम्फर्ट का मैसेज दिया। मैक्रों के साथ ऐसी ही जगह पर राइड करके, मोदी ने एक बार फिर दिखाया कि कैसे पर्सनल डिप्लोमेसी उनकी फॉरेन पॉलिसी अप्रोच की पहचान बन गई है।

## अच्छे नतीजे आने की चर्चाएं

ऐसे इशारे अक्सर अच्छे नतीजों को सपोर्ट करते हैं। पिछले कुछ सालों में, भारत और फ्रांस ने अपने रिश्तों को एक बड़े स्ट्रेटेजिक लेवल तक बढ़ाया है, इंडो-पैसिफिक में मैरीटाइम सिक्योरिटी, काउंटर-टेररिज्म कोशिशों और मल्टीलेटरल फोरम में मिलकर काम किया है। फ्रांस ने भारत की बड़ी ग्लोबल भूमिका की उम्मीदों का भी सपोर्ट किया है, जिसमें सुधार के बाद यूनाइटेड नेशंस सिक्योरिटी काउंसिल में परमानेंट मेंबरशिप के लिए उसकी बोली का समर्थन करना भी शामिल है।

## टेक्नोलॉजी और इनोवेशन पर दिया जोर

इनोवेशन फोरम में, दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि टेक्नोलॉजी और इनोवेशन ही बाइलेटरल एंगेजमेंट के अगले फेज को तय करेंगे। मैक्रों ने फ्रेंच फर्मों के लिए भारतीय स्टार्टअप्स और मैन्युफैक्चरिंग हब के साथ पार्टनरशिप करने के मौकों पर जोर दिया, जबकि मोदी ने डिजिटल इनोवेशन और सस्टेनेबल ग्रोथ के लिए ग्लोबल सेंटर बनने की भारत की इच्छा को दोहराया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्पेस रिसर्च और क्लाइमेट-फ्रेंडली इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर इस बात की एक जैसी समझ को दिखाता है कि इकोनॉमिक कॉम्पिटिटिवनेस टेक्नोलॉजिकल लीडरशिप पर ज्यादा निर्भर करेगी।

## जियोपॉलिटिकल महत्व भी

इस दौरे का जियोपॉलिटिकल महत्व भी है। जैसे-जैसे ग्लोबल पावर इक्वेशन बदल रहे हैं, दोनों देशों ने पार्टनरशिप में अलग-अलग तरह के बदलाव करने और किसी एक ग्रुप पर ज्यादा डिपेंडेंस कम करने की कोशिश की है। फ्रांस, जो इंडो-पैसिफिक में स्ट्रेटेजिक इंटरेस्ट वाली एक अहम यूरोपियन पावर है, भारत को स्टेबिलिटी बनाए रखने और रीजनल डायनामिक्स को बैलेंस करने में एक जरूरी पार्टनर के तौर पर देखता है। बदले में, भारत वेस्टर्न अलायंस फ्रेमवर्क के अंदर फ्रांस की काफी इंडिपेंडेंट फॉरेन पॉलिसी को महत्व देता है।

## भारत के साथ रिश्ते मजबूत होने की चर्चा

डिप्लोमैटिक सोर्स का कहना है कि मैक्रों का दौरा हाल के सालों में भारत के उनके कई दौरे रिश्तों में मोमेंटम बनाए रखने के पेरिस के कमिटमेंट का इशारा है। डिफेंस डील्स से आगे, यह पार्टनरशिप इंटरनेशनल सोलर अलायंस के तहत रिन्यूएबल एनर्जी कोलेबोरेशन के साथ-साथ दोनों सेनाओं के बीच जॉइंट एक्सरसाइज तक बढ़ गई है।

**मैक्रों के नई दिल्ली में आने की उम्मीद....** मैक्रों के और भी एंगेजमेंट के लिए नई दिल्ली आने की भी उम्मीद है, जिसमें हाई-प्रोफाइल फोरम में हिस्सा लेना शामिल है, जो ग्लोबल टेक्नोलॉजी और पॉलिसी डिबेट को आकार देने में भारत की बढ़ती भूमिका को हाईलाइट करते हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372